हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 33.1 डिग्री
न्यूनतम 19.8 डिग्री

14 फिल्म सिटी बनाने माना-तूता के जंगल में पेड़ों की...



14 10 हाईमास्ट की रोशनी से जगमगाएगा रावणभाठा...



## खबर संक्षेप

### बच्ची से रेप, 20 वर्ष कैद

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 10 साल की बच्ची के साथ रेप करने के आरोप में विशेष न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार कोर्ट ने मठपारा निवासी महेश धीवर को कैद की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार आठ मई 2024 को बच्ची गोबर उठाने गई थी। इस दौरान महेश ने बच्ची का मुंह दबाकर उसके साथ रेप किया। घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

### कलेक्शन एजेंट ने किया अमानत में खयानत

रायपुर। मौदहापारा थाना में एक कारोबारी ने अपने कलेक्शन एजेंट के खिलाफ अमानत में खयानत कर आठ लाख रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एमजी रोड में लीला इलेक्ट्रॉनिक्स के अकाउंटेट मनोहर मंधानी ने रोशन पेशवानी के खिलाफ अमानत में खयानत करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोहर ने पुलिस को बताया है कि एक कारोबारी की कलेक्शन की रकम में 35 हजार रुपए की गड़बड़ी सामने आने पर अन्य कारोबारियों से संपर्क कर जानकारी लेने पर कलेक्शन एजेंट द्वारा पिछले दो वर्षों में आठ लाख रुपए से ज्यादा गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।

### ऑनलाइन मुनाफा देने का झांसा देकर पुलिसकर्मी की पत्नी से ठगी

रायपुर। सिविल लाइंस थाना में एक पुलिसकर्मी ने अज्ञात के खिलाफ ऑनलाइन मार्केटिंग में मुनाफा देने का झांसा देकर उसकी पत्नी के साथ 1.89 लाख हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीएसओ ड्यूटी पर तैनात मुकेश साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई। मुकेश ने पुलिस को बताया है कि 30 दिसंबर 2025 से नौ फरवरी 2026 के बीच अज्ञात जालसाज ऑनलाइन मार्केटिंग के नाम पर मुनाफा मिलने का झांसा देकर अलग-अलग अकाउंट में रकम ट्रांसफर करा कर ठगी का शिकार बनाया।

### बैंक में बंधक जमीन की बिक्री कर 57 लाख की ठगी

रायपुर। सिविल लाइंस थाना में दो सगे भाई ने एक फाइनेंस कंपनी तथा एक निजी कंपनी के खिलाफ बैंक में बंधक जमीन को कम कीमत पर दिलाने का झांसा देकर 57.40 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कटोरा तालाब निवासी दीपेश बजाज तथा उसका छोटा भाई अभिषेक ने नेक्सान सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी अनिल कुमार विश्वकर्मा तथा पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस के अधिकारी तुषार, इकबाल और बुधराम के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों भाई ने पुलिस को बताया है कि पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस (वर्तमान में ग्रहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) में बंधक जमीन को कम कीमत पर दिलाने का झांसा देकर रजिस्ट्री कर अब तक रजिस्ट्री पेपर नहीं दिया है।

### फल नहीं देने पर मारपीट



रायपुर। तेलीबांधा थाना में एक फल कारोबारी ने दो युवक तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ फल नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जोरा ओवरब्रिज के नीचे फल दुकान लगाने वाले पप्पू भालवी ने साहिल साहू, देवेंद्र यादव तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पप्पू ने पुलिस को बताया है कि साहिल तथा उसके साथी उसकी फल दुकान में आकर मुफ्त में फल देने दबाव बना रहे थे। फल देने से इनकार करने पर बदमाशों ने पप्पू के साथ मारपीट की।

# कोतवाली, शारदा चौक, एमजी, सदर, मालवीय रोड में रैली, जुलूस, शोभायात्रा, धरना-प्रदर्शन पर रोक

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के व्यस्त मार्गों में यातायात सुगम बनाने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस कमिश्नर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 का प्रयोग करते हुए शहर के व्यस्त मार्गों पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, रैली, जुलूस तथा जलसा पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। पुलिस कमिश्नर ने यह आदेश बुधवार को जारी किया है।

डीसीपी सेंट्रल जोन ने 22 फरवरी को पुलिस कमिश्नर के पास प्रतिवेदन पेश करते हुए उल्लेख किया था कि शहर के व्यस्त मार्गों पर लगातार यातायात दबाव और भीड़ के कारण जुलूस एवं धरना-प्रदर्शन से आमजन को असुविधा होती है और कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। प्रतिवेदन से सहमति जताते हुए पुलिस कमिश्नर ने यह आदेश जारी किया है। जिन मार्गों पर धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली तथा जलसा पर रोक लगाई गई है वह मार्ग यह है-

- जीई रोड में शारदा चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए शास्त्री चौक तक।
- मालवीय रोड में जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक तक।
- सदर बाजार रोड में कोतवाली चौक से सत्तीबाजार चौक तक।
- एमजी रोड में गुरु नानक चौक से शारदा चौक तक।

## आदेश का पालन सुबह नौ से रात नौ बजे तक प्रभावित रहेगा

### जनसुविधा और शांति बनाए रखने के लिए रोक

पुलिस प्रशासन का कहना है कि जयस्तंभ चौक और आसपास के मार्ग राजधानी के सबसे व्यस्त व्यावसायिक और यातायात क्षेत्र हैं। यहां प्रतिदिन हजारों वाहन और पैदल नागरिकों की आवाजाही होती है। ऐसे में बार-बार धरना-प्रदर्शन या जुलूस निकलने से जाम की स्थिति बनती है, जिससे आम जनता, व्यापारियों और आपात सेवाएं प्रभावित होती हैं।



### व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक स्मूथ करने यह उपाय

ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को ऑटो चालकों के साथ बैठक कर शहर के प्रमुख मार्गों के चौराहों की चारों दिशाओं में 50-50 मीटर दूर तक सवारी उतारने, चढ़ाने पर रोक लगाने समझाइश दी है। चौक के मुहाने पर सवारी उतारने-चढ़ाने पर ट्रैफिक प्रभावित होता है और बेवजह जाम की स्थिति निमित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों की चारों दिशाओं के चारों तरफ 50-50 मीटर दूर तक सवारी उतारने चढ़ाने पर रोक लगाने समझाइश दी गई। ऑटो चालकों ने भी इस पर सहमति व्यक्त की है।

## राजधानी से सटे नेशनल तथा स्टेट हाईवे में दो दर्जन स्थानों पर लगाए जाएंगे कैमरे

# एक साल में हादसों में 6000 से ज्यादा मौतें, ज्यादातर की वजह रफ्तार, इसे कंट्रोल करने हाईवे पर अब कैमरे

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओवर स्पीड से होने वाले एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने राज्य के सभी जिलों के स्टेट तथा नेशनल हाईवे के दुर्घटनाजनित साढ़े तीन सौ स्थानों पर हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार कैमरा लगाने का लक्ष्य 31 मार्च 2026 निर्धारित है। कैमरा लगाने का काम अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में राज्य में सड़क दुर्घटना में 6 हजार 898 लोगों की मौतें हुई हैं।

ट्रैफिक एआईजी के अनुसार कैमरे लगाने से हादसों को रोकने और ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के साथ नियमों का पालन नहीं करने वालों को चिन्हांकित करने में मदद मिलेगी, ताकि उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा सके। ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों की इन सीसीटीवी ▶▶| शेष पेज 13 पर

**वर्ष 2025 में इन जिलों में रोड एक्सीडेंट में इतनी मौतें**

- रायपुर - 621
- बलौदाबाजार - 293
- महासमुंद - 338
- गरियाबंद - 143
- धमतरी - 190
- दुर्ग - 356
- बेमेतरा - 225
- बालोद - 215
- राजनांदगांव - 215
- कबीरधाम - 201
- बिलासपुर - 301
- मुंगेली - 120
- कोरबा - 374
- जांजगीर - 250
- रायगढ़ - 382
- सरगुजा - 303
- कोरिया - 92
- बलरामपुर - 201
- सूरजपुर - 262
- जशपुर - 311
- जगदलपुर - 217
- कांकेर - 218
- कोंडागांव - 196
- दंतेवाड़ा - 87
- सुकमा - 71
- बीजापुर - 57
- नारायणपुर - 31
- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही - 94
- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई - 86
- मोहला- मानपपुर- अंबागढ़ चौकी - 81
- सारंगढ़- बिलाईगढ़ - 143
- सक्ती - 117
- मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर - 87





### दुर्घटना जनित मार्गों की पहचान कर कैमरे लगाए जाएंगे

जिन स्थानों में सबसे ज्यादा सड़क दुर्टनाएं होती हैं, ऐसे मार्गों की पहचान कर उन मार्गों में प्राथमिकता के साथ जरूरत के मुताबिक कैमरे लगाए जाएंगे। जो मार्ग ज्यादा संवेदनशील होगा, उस मार्ग में तीन से चार कैमरे लगाए जाएंगे।

### छह साल में 40 हजार से ज्यादा मौतें

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 से 2025 के बीच अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 40 हजार से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। इनमें ज्यादातर मौतें दोपहिया वाहन चालकों की हुई हैं। एक्सीडेंट का प्रमुख कारण ओवर स्पीड के साथ लापरवाही पूर्वक हाईवे में रांग साइड गाड़ी चलाना है। शहर के अंदर बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर कार्रवाई से बचने वाले स्टेट तथा नेशनल हाईवे में बगैर हेलमेट वाहन चलाते कैमरे में कैद होंगे। इस पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई होगी।

### सबसे ज्यादा मौतें रायपुर जिला में

सड़क दुर्घटना में राज्य में सबसे ज्यादा मौत का आंकड़ा रायपुर जिले का है। राज्य में सड़क दुर्घटना में जितनी मौतें हुई हैं, उनमें से नौ प्रतिशत मौतें अकेले रायपुर जिला में हुई हैं। वर्ष 2025 में रायपुर जिला में सड़क दुर्घटना में 621 लोगों की जानें गई हैं।

### वर्ष 2025-26 में बड़ी सड़क दुर्घटना

- मई 2025 – रायपुर–बलौदाबाजार मार्ग में सारागांव के पास एक ट्रेलर और ट्रक की भीषण टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई और 11 घायल हुए। मृतकों में 9 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल थे। पीड़ित एक पारिवारिक कार्यक्रम (छठी) से लौट रहे थे।
- मार्च 2025–रायपुर–आरंग मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार का टायर फटने के कारण कार डिवाइडर पार कर ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।
- जनवरी 2026– रायपुर–बिलासपुर हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने तीन बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें 3 लोगों की मौत हुई और 2 घायल हो गए।
- फरवरी 2026 – रायपुर–बलौदाबाजार मार्ग में डीपीएस स्कूल के सामने धान से लदा ट्रक पट्टा टूटने से ट्रक कार के ऊपर पलट गया। ट्रक पलटने से कार सवार दंपत्ति तथा ड्राइवर सहित तीन की मौत। घटना 22 फरवरी की है।
- फरवरी 2026 – रिंग रोड एक रायपुर स्थित उद्योग भवन के पास एक तेज रफ्तार ट्रक से एक किशोर बुरी तरह से कुचल गया। क्रेन की मदद से डिवाइडर में फंसे ट्रक को हटाया गया तब ट्रक में फंसे मृतक की लाश को निकाला जा सका।

# शिक्षा विभाग ही लेगा निजी स्कूलों में 5वीं-8वीं की परीक्षा हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के निजी स्कूलों में पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ही आयोजित की जाएंगी। बिलासपुर हाईकोर्ट ने निजी स्कूल संघ द्वारा लगाई गई याचिका खारिज कर दी है। गौरतलब है कि प्रदेश में पिछले शैक्षणिक सत्र से 5वीं तथा 8वीं कक्षा की परीक्षाएं केंद्रीकृत कर दी गई हैं। अर्थात ये परीक्षाएं बोर्ड होंगी और राज्य स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाएंगी। इसके विरोध में निजी स्कूल संघ ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। संघ ने निजी स्कूलों को इस परीक्षा से अलग रखने और उन्हें परीक्षा लेने की छूट देने याचिका लगाई थी। केंद्र सरकार ने 16 दिसंबर 2024 को आरटीई ▶▶| शेष पेज 13 पर

- पिछले शैक्षणिक सत्र में मिली थी राहत, इस बार ऐसा नहीं

### इसलिए मिली थी छूट

पिछले सत्र में बोर्ड परीक्षा संबंधित आदेश सत्र के लगभग अंत में जारी किया गया था। निजी स्कूलों का तर्क था कि उन्हें 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा की पूर्व से जानकारी नहीं दी गई थी। इसी आधार पर निजी स्कूलों को हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी। सत्र 2024-25 में हुए विवाद को देखते हुए सत्र 2025-26 की शुरुआत में ही ▶▶| शेष पेज 13 पर

### विकल्प तलाश रहे

हम न्यायालय के आदेश का कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। प्रदेश के 6200 निजी स्कूलों पर इस आदेश का असर पड़ेगा।
- **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

# स्वामी विवेकानंद योजना में युक्तियुक्तकरण वाले विद्यालय ही हिंदी के साथ इंग्लिश माध्यम भी

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को पेश किए गए बजट में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना की घोषणा की गई है। इस योजना में प्रदेश के 150 विद्यालयों को शामिल किया गया है। इस योजना में उन स्कूलों को शामिल किए जाने की तैयारी है, जिन्हें युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत मर्ज किया गया है और जहां पहली से बारहवीं कक्षा तक का संचालन होता है। 2025 में प्रदेशभर के विद्यालयों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया था। एक ही कैंपस में संचालित होने वाले प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाईस्कूल-हायरसेकंडरी विद्यालयों को मर्ज किया गया था। ये विद्यालय ही स्वामी विवेकानंद योजना का हिस्सा बनेंगे। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस योजना के लिए लगभग चार माह पूर्व ही योजना तैयार कर ली गई थी। अब इसके रोडमैप को अंतिम रूप दिया जाएगा। स्वीकृति पश्चात इसका क्रियान्वयन होगा।

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में हिंदी के साथ इंग्लिश माध्यम विद्यालय से भी पढ़ाई होगी। पीएमश्री योजना में स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों को भी शामिल किया गया था, लेकिन स्वामी विवेकानंद योजना में ऐसा नहीं होगा। इसके लिए विशुद्ध रूप से उन स्कूलों का चयन होगा, जिन्हें वर्तमान में किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से होगी शुरुआत, शिक्षकों की संविदा भर्ती

### संविदा के जरिए भर्ती

*चूंकि इन विद्यालयों में इंग्लिश माध्यम से भी पढ़ाई होगी, इसलिए यहां अध्यापन के लिए संविदा शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय का पैटर्न अपनाया जाएगा। इंग्लिश माध्यम कक्षाओं में अध्यापन के लिए प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों को लाया जाएगा। रिक्त पदों को संविदा आधार पर भरा जाएगा। नवीन शैक्षणिक सत्र से योजना की शुरुआत होगी। ऐसे में जिन स्कूलों के नाम स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना में शामिल किए जाएंगे, वहां दाखिले भी जून 2026 से प्रारंभ कर दिए जाएंगे। इंग्लिश माध्यम विद्यालयों के लिए आवेदन अधिक आने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चुनाव होगा।*

### मंगाए जाएंगे नाम

उन स्कूलों के नाम अभी तय नहीं हुए हैं, जिन्हें स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना में शामिल किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को खत लिखकर उनसे प्रस्ताव मांगे जाएंगे। इस प्रस्ताव व अन्य मापदंड के आधार पर स्कूलों का चयन होगा। बजट में घोषणा के बाद लोक शिक्षण संचालनालय में एक टीम इसका रोडमैप तैयार करने गठित की गई है। यहां छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ही लागू रहेगा। सीबीएसई अथवा अन्य किसी बोर्ड के प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं किया गया है।

## घटना का वीडियो वायरल

# कचना रेलवे फाटक पर बड़ा हादसा टला, ट्रैक पर दो ट्रेन, गेटमैन ने एक साइड का खोला क्रासिंग गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे क्रासिंग गेटमैन की लापरवाही से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ट्रैक पर ट्रेन आ रही थी, इस दौरान गेटमैन ने क्रासिंग के एक तरफ का गेट खोल दिया। गेट खुलते ही राहगीर ट्रैक पार कर दूसरे छोर की तरफ जाने लगे। वैसे ही धड़धड़ाती हुई एक ट्रेन आ गई। इस दौरान ट्रैक पर पहले से एक ट्रेन जा रही थी। इस दौरान राहगीरों ने दोनों ट्रेन के ट्रैक की खाली जगह पर खड़े होकर अपनी जान बचाई। घटना कचना रेलवे क्रासिंग की है।

मौके पर उपस्थित एक राहगीर ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया है। इस संबंध में



रेलवे प्रशासन से संपर्क करने पर जिम्मेदार लोगों ने ऐसी किसी तरह की घटना की जानकारी होने की बात से इनकार किया है। जिम्मेदारों का कहना है कि ऐसा वीडियो पूर्व में भी वायरल हुआ है, लेकिन वह वीडियो किसी और जगह का होना पाया गया। जानकारों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया वीडियो कचना रेलवे फाटक का है।

### लापरवाही से बड़ी घटना टली

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना मंगलवार शाम सात से आठ बजे के बीच की है। शहर से कचना जाने जो पहला फाटक पड़ता है, उसके सामने दूसरे ट्रैक पर एक ट्रेन आ रही थी। इसी दौरान गेटमैन ने एक तरफ का फाटक खोल दिया। फाटक खोलने से सिटी से रायपुर जाने वाले जैसे ही दूसरे छोर जाने लगे, इसी दौरान एक ट्रेन और आ गई। ट्रैक पर ट्रेन आने से घबराए लोग ट्रैक पार कर बीच में खड़े हो गए।

# छत्तीसगढ़ में रिक्त दो राज्यसभा सीटों के लिए अधिसूचना आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की कुल 5 सीटों में से 2 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को की जाएगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 मार्च सोमवार को प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक होगा। इसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना की जाएगी। नामांकन पत्र 26 फरवरी से 5 मार्च तक सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन स्थित निर्धारित स्थान पर रिटर्निंग ऑफिसर, सचिव छत्तीसगढ़ विधानसभा, के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकेंगे। राज्यसभा चुनाव में राज्य के कुल 90 विधायक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वर्तमान विधानसभा संरचना के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के 54, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 35 तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के 1 विधायक मतदान में भाग लेंगे।

- 5 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे

### दो सीटें हो रही रिक्त

आगामी 9 अप्रैल को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य कवि तेजपाल सिंह तुलसी एवं फूलो देवी नेताम का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण इन पदों पर निर्वाचन कराया जाएगा।

## बाजार विभाग और जोन 2 की संयुक्त टीम ने किया सर्वे, एक व्यक्ति एक स्पेस का प्लान

# संडे बाजार के लिए 300 फेरीवालों की पहचान, मांगा आधारकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौदहापारा क्षेत्र में लगने वाले संडे बाजार में दुकान लगाने 300 फेरीवालों का चिन्हांकन नगर निगम ने किया है। इन्हें शनिवार तक बाजार विभाग के पास आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करानी होगी। सूची की पड़ताल के बाद नियम अनुसार उन्हें केके रोड मौदहापारा में थाने के सामने से मस्जिद तक सड़क के दोनों किनारे फेरी लगाने जगह उपलब्ध कराई जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने नगर निवेश और बाजार विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्थानीय फेरीवालों को ही संडे बाजार में व्यवसाय करने अनुमति दी जाए, साथ ही एक व्यक्ति को एक स्पेस के प्लान पर काम करें। राजधानी के संडे बाजार के लिए नई नियमावली तैयार होने के बाद अब निगम प्रशासन फेरीवालों की आईडी पर फोकस करने जा रहा है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर बाजार विभाग, नगर निवेश विभाग और जोन 2 की संयुक्त टीम ने संडे बाजार का सर्वे कर 200 फेरीवालों की सूची तैयार की है, साथ ही वार्ड पार्षद की ओर से स्थानीय फेरीवालों के पड़ताल के बाद 50 लोगों के नाम सौंपे गए। इसके अलावा गुजराती स्कूल वाली गली में सालों से सड़क के दोनों किनारे फेरी लगाने वाले गुजराती समाज के 50 फेरीवालों ने महापौर ने मिलकर संडे बाजार में सुव्यवस्थित रूप से आजीविका चलाने स्पेस दिलाने आग्रह किया है। संडे बाजार को लेकर रायपुर नगर निगम और यातायात पुलिस ने व्यवस्था में बड़ा बदलाव कर सभी फेरीवालों के लिए पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया है, साथ ही साप्ताहिक संडे बाजार सुबह 10 बजे तक लगेगा। ग्राहकों के लिए महावीर गौशाला दुर्गा कालेज के पास पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है, सफेद मार्किंग पर ही अब संडे बाजार सजेगा। नियमों का पालन न होने पर यातायात पुलिस और नगर निगम संयुक्त कार्रवाई करेंगे। कुल मिलाकर सड़क पर सामान फैलाना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

- महापौर मीनल चौबे ने नगर निवेशक और बाजार विभाग की टीम को दिए निर्देश
- दुकानदारों को व्हाइट लाइन के अंदर ही करना होगा व्यवसाय



### गलियों में नहीं लगेगा संडे मार्केट

डेढ़ दशक से मौदहापारा में केके रोड से एमजी रोड थाने की गली, सुंदरानी गली, गुजराती स्कूल मार्ग वाली गली जयस्तंभ चौक स्थित एसबीआई बैंक और फाफाडीह चौक से पहले तक संडे बाजार लग रहा है। नई व्यवस्था के अनुसार अब इन गलियों में बाजार नहीं सजेगा। केवल मौदहापारा पुलिस थाने से लेकर मस्जिद के सामने तक सड़क किनारे बनाई गई सफेद रोड मार्किंग के भीतर फेरीवालों को बैठने की अनुमति होगी।

**खबर संक्षेप**

### ग्राम अकोली में 27 को मानसगान समारोह

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम अकोली (देवरी) में 27 फरवरी से 1 मार्च तक त्रि दिवसीय वार्षिक रामायण मानस गान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम 27 मार्च को शाम 4 बजे दीप प्रज्जवलित के साथ शुभारम्भ होगा। समापन 1 मार्च को शाम 5 बजे सम्पन्न होगा। सभी मानस मण्डली को सदाबहार दानदाताओ के सहयोग से 1051 रु प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। यह मानस गान समारोह का 39 वां वर्ष है।

### अभनपुर भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई

अभनपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय तथा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े के मार्गदर्शन में जिला प्रभारी व ग्रामीण जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. बी.आर. गौतम ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जिसमे अभनपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में नान्हे धृतलहरे तथा खोरपा मंडल मे अध्यक्ष राजेंद्र एनेश्वरी को दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन कार्य को मजबूती देने एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कूंरा में शिव पुराण की कथा जारी

कूंरा। नगर पंचायत कूंरा सुभाष चौक में आयोजित शिव पुराण कथा के द्वितीय दिवस की कथा वाचक पं अशोक कृष्ण शर्मा (सगुनी) ने शिव पुराण में वर्णित बिंदुग ब्राम्हण और उसकी पत्नी चंचूला की माहात्म्य कथा को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। शिव पुराण में भक्ति में लीन समस्त श्रोता भावविभोर हो गये मुख्य यजमान के रूप में विराजमान श्री तोषु राम जी कथा पंडाल में बैठे भगतों को ऐसा लगने लगा जैसे शिव धाम में बैठकर कथा रस का पान कर रहे गांव के श्रद्धालु गण खाटू श्याम जी की भजन पर झूम उठे ।

### पादप बोर्ड का उपाध्यक्ष अंजय ने की पूजा-अर्चना

कूंरा। अंजय शुक्ला को राज्य आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा औषधि पादप बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपरांत मंगलवार को उन्होंने धरसींवा एवं बंगोली मंडल के विभिन्न देवस्थानों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया तथा कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, मंडल महामंत्री दिलीप साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, मंडल उपाध्यक्ष कौशल साहू, पार्षद मोहन प्रजापति, ईश्वर यादव, जगमोहन धृतलहरे, भूपेंद्र कसार, दुर्गेश अग्रवाल, काशी देवांगन, प्रकाश देवांगन, अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, महामंत्री मारुति नंदन वर्मा, बंजारी ट्रस्ट अध्यक्ष खेमलाल नायक, मंडल उपाध्यक्ष जगमोहन साहू, उपस्थित रहे। खपरी ग्राम प्रमुख डेरा राम यादव ने श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

**नजर : प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे और पांच शहरों के एयरपोर्ट में शोरूम बनेंगे**

# किसान, महिला, युवा व गरीबों को मिलेगी तरक्की : भाजपा

# हर वर्ग को किया घोर निराश, केवल कोरे वादे हैं : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश कर 'संकल्प' थीम के साथ विकास का रोडमैप रखा। बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, वहीं 18 वर्ष पूरे होने पर बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे और पांच शहरों के एयरपोर्ट पर शोरूम बनाए जाएंगे। बजट पेश करने के बाद भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग प्रतिक्रिया दी है। भाजपा का कहना है की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है ।वहीं कांग्रेस ने यह कहते हुए निशाना साधा की सरकार ने युवा महिलाएं किसी भी वर्ग से किए वादे पूरे नहीं किए हैं।

■ छत्तीसगढ़ के संकल्प बजट पर प्रतिक्रियाएं

पार्षद किरण बाला ने कहा है कि बजट में ग्रामीण बेरोजगारी पर स्पष्ट रोडमैप का अभाव है। वहीं आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लिए समयबद्ध कार्ययोजना नहीं है और सामाजिक न्याय के प्रावधानों के क्रियान्वयन पर स्पष्टता का अभाव है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की आवाज उठाती रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि संकल्प केवल नारा न बनकर जमीनी विकास में परिवर्तित हो। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बजट को पुनः प्राथमिकता निर्धारण के साथ ग्रामीण, ST, SC एवं OBC केंद्रित बनाया जाए, ताकि विकास वास्तव में समावेशी और न्यायसंगत हो सके।

### छग विकास का आधुनिक विजन है बजट : अग्रवाल



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने 1.72 लाख करोड़ के राज्य के बजट को छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजट बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह तीसरा बजट /"संकल्प/" थीम पर आधारित है। इसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : पंजवानी



तिल्दा नेवरा किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदर दास पंजवानी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। बजट में भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गई है जिससे प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### वादे पूरे नहीं किये, नया बजट धोखाधड़ी : अजितेष



बजट में जनता से किया वादा पूरा नहीं किया गया है ।यह ठग बजट है। बजट में किसानों, युवाओं और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। रोजगार, धान, किसान किसी पर बात नहीं हुई है। पिछले बजट की राशि पूरी खर्च नहीं हुई है फिर भी सरकार द्वारा कर्ज लिया गया है। यह बजट भाजपा का मायाजाल है । इस बजट से प्रदेश की जनता का भला होने वाला नही है उन्होंने बजटको महिलाओं के लिए निराशा जनक बताते कहा कि महिला सुरक्षा और रोजगार के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं है।

### विकसित भारत 2047 के निर्माण हो सकेगा : दीपक शर्मा



छत्तीसगढ़ का संकल्प बजट वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ के माटी का चंदन लगाकर पेश किया और उन्होंने यह समावेशी बजट पेश किया है यह भौगोलिक दृष्टि से वनांचल के सुदूर क्षेत्र कहिए या मैदानी क्षेत्र कहिए हर दृष्टि से एक मजबूत न्यू रखने के लिए है ताकि विकसित भारत 2047 के निर्माण का जो सपना प्रधानमंत्री जी का है उसे पूर्ण करने के लिए विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा ।

### विकसीत भारत 2047 को दिशा देने वाला : पंजवानी



यह बजट समृद्ध छत्तीसगढ़ 2047 की दिशा में दूरदर्शी और छत्तीसगढ़ को संवारने वाला बजट है .इस बजट से प्रदेश के हर वर्ग को राहत मिलेगी बजट विष्णु सरकार का /"संकल्प-बजट/" है । इस बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, उद्योग, महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन, किसानों और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता दी गई है ।इस बजट से स्कुल ,अस्पतालों के साथ सभी बातो पर ध्यान दिया गया है .

### बजट में शिक्षा पर जोर दिया गया : विकास



साय सरकार का तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' के थीम पर आधारित है। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ का दृष्टि पत्र है, बजट में शिक्षा पर जोर दिया गया है । राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का बजट 35 गुना बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है। बजट में गरीब युवा और किसानों पर विशेष फोकस है। यह बजट सुशासन से समृद्धि की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा ।

### किसान, महिला, युवक और गरीबों को तरक्की देने वाला है साय बजट

अभनपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के संकल्प बजट का अभनपुर क्षेत्र भाजपा के नेताओं ने स्वागत करते हुए इसे किसान, महिला, युवा और गरीब हितैषी बताया है। नेताओं ने कहा कि यह बजट सुशासन से समृद्धि के संकल्प को साकार करने वाला है और वर्ष 2047 तक 'विकसित छत्तीसगढ़' की दिशा में ठोस कदम है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजेश साहू ने कहा कि बजट में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 13,500 करोड़ से अधिक का प्रावधान कर अन्नदाताओं को प्राथमिकता दी गई है। 10,000 करोड़ की कृषक उन्नति योजना, 5,500 करोड़ सिंचाई विस्तार तथा इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण से हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और समयबद्ध भुगतान को किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला कदम बताया। सरपंच संघ रायपुर अध्यक्ष मुकेश ढीढी ने अनुसूचित जाति कल्याण, गिरौदपुरी एवं भंडारपुरी जैसे धार्मिक स्थलों के उन्नयन, छात्रावास निर्माण और सामुदायिक भवनों के लिए 51 करोड़ रुपए से अधिक किए गए प्रावधानों पर सरकार का आभार जताया। भाजपा नेता वरुण राठी ने बजट को सर्वहारा वर्ग के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना हेतु 8,200 करोड़ का प्रावधान 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक संबल देगा। रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बेटियों को 1.5 लाख देने की घोषणा को उन्होंने सामाजिक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम बताया। कृषि उन्नति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, बस्तर एजुकेशन सिटी और शिक्षा सुविधाओं के विस्तार को उन्होंने समावेशी विकास का प्रतीक कहा। वही भाजपा नेता एवं उल्बा सरपंच नेहरू लाल साहू ने कहा कि बजट में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और शिक्षा के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं।

## होली पर पुलिस का एक्शन 13 पुराने चाकूबाज जेल दाखिल

धरसींवा। आगामी होली त्यौहार के दौरान क्षेत्र में अमन-चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धरसींवा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। पुलिस ने त्यौहार से पहले ही अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ धर-पकड़ तेज कर दी है। इसी कड़ी में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने क्षेत्र के 13 आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पकड़े गए ये सभी आरोपी पूर्व में चाकूबाजी जैसी गंभीर वारदातों में शामिल रहे हैं, जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

धरसींवा थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दीवान ने स्पष्ट किया है कि त्यौहार के उत्साह के बीच खलल डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। होली के मद्देनजर पुलिस की सड़कों पर पैनी नजर है और चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती की जा रही है। विशेष रूप से सड़कों पर हुड़दंग मचाने वाले और तेज रफ्तार बाइकर्स अब पुलिस के निशाने पर रहेंगे। पुलिस ने चेतावनी दी है कि सड़कों पर




खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वाले और शांति भंग करने वाले बाइकर्स पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में धरसींवा पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है। संदिग्धों की तलाशी के साथ-साथ पुराने रिकॉर्ड वाले अपराधियों की गतिविधियों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की इस सुरक्षा पहल की सराहना की है। थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा है कि कानून व्यवस्था हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## दुर्गा माता मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

तिल्दा नेवरा। तिल्दा स्टेशन चौक पर स्थित माँ दुर्गा देवी मंदिर का 50 वा स्थापना दिवस अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर सुबह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजा और महाआरती का आयोजन हुआ। रात को आयोजित भव्य भजन संध्या में स्थानीय व आमंत्रित गायकों ने मधुर भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को फूलों और लाइटों से सजाया गया था,दोपहर को ब्राम्हण और कन्या भोज के साथ आम भोजन भंडारा का आयोजन किया गया । नील कमल परिवार द्वारा स्थापित किए गए मता मंदिर के 50 वे स्थापना दिवस पर सुबह से से ही धार्मिक अनुष्ठान, होने शुरू हो गए थे,जो रात तक होते रहे .रात को मता मंदिर के सामने आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में आए प्रसिद्ध भजन गायकों के द्वारा अपनी सुरीली आवाज में मा दुर्गा , श्री श्याम जी के भजन प्रस्तुत कर अपने माहोल को भक्ति माय बना दिया, भजनों पर भक्तनाचते हुए माता और श्री श्याम के जयकारे लगते रहे।



## एसडीएम ने पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से पूछे सवाल

आरंग। शिक्षा की गुणवत्ता एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं का आकलन करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभिलाषा पैंकरा ने पीएम श्री शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी प्राथमिक शाला का सघन औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे एक शिक्षिका की भूमिका में भी नजर आईं और कक्षाओं में जाकर बच्चों का शैक्षणिक स्तर परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। प्रमुख बिंदुओं में स्वच्छता के अंतर्गत शौचालय एवं बाथरूम की सफाई व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, रनिंग वाटर सप्लाई की स्थिति तथा छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के वितरण की अद्यतन स्थिति शामिल रही। एसडीएम ने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से सीधा संवाद किया। भाषा, गणित एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े सरल प्रश्न पूछकर बच्चों के शैक्षिक स्तर को जाँचा और उन्हें नियमित विद्यालय आने, अभ्यास एवं मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मध्याह्न भोजन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह को शासन



की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने एवं भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मीनू का कड़ाई से पालन हो तथा बच्चों को पूर्णतः स्वस्थ और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए। शिक्षकों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही पहली प्राथमिकता है। उन्होंने जिला प्रशासन रायपुर की पहल ऑपरेशन घंटी एवं प्रोजेक्ट यू-शेप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

## पार्षदों ने मूलभूत सुविधा व भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पालिका के खिलाफ दिया धरना

आरंग। नगर पालिका परिषद आरंग में स्थानीय पार्षदों ने प्रशासन और अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों ने 25 फरवरी को नगर पालिका परिसर के बाहर गेट के सामने शांतिपूर्वक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पार्षदों का आरोप है कि पिछले 6 महीनों से नगर पालिका परिषद की कोई सामान्य सभा या बैठक आयोजित नहीं की गई है। पार्षदों ने इसे प्रशासन का 'तानाशाही रवैया' करार देते हुए कहा कि बैठक न होने के कारण शहर के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए है जैसे 12 सूत्रीय मांगों को रखाकर प्रदर्शन किया गया है जो निम्न प्रकार है - रुके हुए विकास कार्य : प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्तों का भुगतान, वृद्ध पेंशन और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना जैसे जनहित कार्यों को तत्काल शुरू करने की मांग। शहर की बदहालीः सभी वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने और साफ-सफाई की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने पर जोर। अवैध प्लॉटिंग पर रोकः आरंग सीमा क्षेत्र के भीतर हो रही अवैध प्लॉटिंग पर तत्काल रोक लगाने




और इसमें शामिल अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग। साथ ही, जारी किए गए अवैध एनओसी को निरस्त करने की बात कही गई है। भ्रष्टाचार का आरोपः झलमला तालाब सौंदर्यकरण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने और एसटीएफआई मशीन न लगाने पर संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग। पार्षद निधि और बजटः विपक्ष हेतु बैठक की उचित व्यवस्था और सामान्य सभा की तत्काल बैठक बुलाने की मांग। इस धरने में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष

### सगुनी में तीन दिनी मानसगान 27 से

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम सगुनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय वार्षिक रामायण मानस गान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 27 फरवरी को शाम 4 बजे दीप प्रज्जवलित के साथ शुभारम्भ होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक / Q/ वाचक / तह / 2025**
**मंदिर हसौद, दिनांक 23/02/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील - मंदिर हसौद, जिला-रायपुर के विचाराधीन प्रकरण में पक्षकार देवकी बघेल व अन्य 18 निवासी ग्राम देवदा तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है, कि ग्राम- देवदा, प.ह.नं.- 28, रा.नि.मं.- पलौद तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 213, 217, 394, 593, 817 रकबा 0.29, 0.13, 0.01, 0.32, 0.43, हे. कुल खसरा 5 कुल रकबा 1.18 भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसको भूमिस्वामियों के मध्य बंटवारा करना चाहते हैं। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का भूमिस्वामियों के मध्य बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जिसमें हल्का पटवारी के द्वारा फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार हे :-

**पक्ष क्रमांक-01** - गजनु पिता हेमनाथ सा. दे. भू-स्वामी, खसरा नंबर 313 का भाग, रकबा 0.20, खसरा नंबर 817 का भाग, रकबा- 0.14, खसरा नं. योग- 01, रकबा योग- 0.34, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-02** - चंद्रशेखर, रविशंकर, विजय, सुकवारो पिता भावमंदिर, खसरा नंबर 217 का टु., रकबा 0.13, खसरा नंबर 394 का टु., रकबा- 0.01, खसरा नंबर 817, रकबा 0.15, खसरा नं. योग-03, रकबा योग- 0.29, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-03** - चंद्रिका, रजवंतीन, राजू, सुनिता पिता विष्णु, देवकी पति विष्णु, खसरा नंबर 213 का टु., रकबा-0.09, खसरा नंबर 593 का टु., रकबा - 0.14, खसरा नंबर 817 का टु., रकबा-0.14, खसरा योग- 03, रकबा योग-0.37, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-04** - हथियारिन पिता हेमनाथ सा. देह भू.स्वामी, खसरा नंबर- 593 का टु., रकबा- 0.04, खसरा योग- 01, रकबा- 0.04, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-05** - अमरिका, ताराबाई, विनोद, सावित्री, सोमनाथ पिता दयाराम सा. दे. भू-स्वामी, खसरा नंबर- 593 का टु., रकबा - 0.10, खसरा योग- 01, रकबा योग- 0.10, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-06** - मनोज, संतोष, सरोज पिता फागुराम सा. दे भू-स्वामी, खसरा नंबर 593 का टु., रकबा-0.04, खसरा योग-01, रकबा योग-0.04, लगान-0

अतः उक्तानुसार बंटवारा किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23/03/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक / Q/ वाचक / तह / 2025**
**मंदिर हसौद, दिनांक 23/02/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि न्यायालय नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर के विचाराधीन प्रकरण में पक्षकार देवकी बघेल व अन्य 18 निवासी ग्राम देवदा तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है, कि ग्राम देवदा, प.ह.नं.- 28, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 5, 427 रकबा 0.35, 0.23 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.58 भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसको भूमिस्वामियों के मध्य बंटवारा करना चाहते है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का भूमिस्वामियों के मध्य बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जिसमे हल्का पटवारी के द्वारा फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार हैः-

**पक्ष क्रमांक-01** गजनु पिता हेमनाथ सा. दे भू-स्वामी, खसरा नंबर 5 का भाग, रकबा 0.14, खसरा नंबर 427 का भाग, रकबा- 0.06, खसरा नं. योग-02, रकबा योग- 0.20, लगान-00

**पक्ष क्रमांक-02** चंद्रशेखर, रविशंकर, विजय, सुकवारो पिता भावमंदिर, खसरा नंबर 5 का टु.- रकबा 0.11, खसरा नंबर 427 टु.- 0.12, रकबा- 0.12, खसरा नं. योग-02, रकबा योग- 0.23, लगान-00

**पक्ष क्रमांक-03** चंद्रिका, रजवंतीन, राजू, सुनिता पिता विष्णु, देवकी पति विष्णु, खसरा नंबर 5 का टु, रकबा 0.10, खसरा नंबर 427 टु., रकबा- 0.05, खसरा नं. योग- 02, रकबा योग- 0.15, लगान-00

**पक्ष क्रमांक-04** हथियारिन पिता हेमनाथ सा. दे भू-स्वामी, खसरा नंबर 0 का टु, रकबा 0, खसरा नंबर 0 टु., रकबा- 0, खसरा नं. योग-0, रकबा योग- 0, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-05** अमरिका, ताराबाई, विनोद, सावित्री, सोमनाथ पिता दयाराम सा. दे भू-स्वामी, खसरा नंबर 0 का टु, रकबा 0, खसरा नंबर 0 टु., रकबा- 0, खसरा नं. योग-0, रकबा योग- 0, लगान-0

**पक्ष क्रमांक-06** मनोज, संतोष, सरोज पिता फागुराम सा. दे भू-स्वामी, खसरा नंबर 0 का टु, रकबा 0, खसरा नंबर 0 टु., रकबा- 0, खसरा नं. योग-0, रकबा योग- 0, लगान-0

अतः उक्तानुसार बंटवारा किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23/03/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं सुरेश राय उम्र 46 वर्ष पिता स्व. शांति लाल राय, निवासी कृषक नगर जोरा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492012 शपथपूर्वक कथन करता हूं किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे पुत्र मानव राय का जन्म दिनांक 10/06/2009 को आवनी हॉस्पिटल, भिलाई जिला दुर्ग में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 2145 दिनांक 03/07/2009 है। जिसमें उनका नाम मानव कुमार राय (MANAV KUMAR RAI) अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड (6965 1266 9773) में उसका नाम मानव राय (MANAV RAI) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में अंकित सही नाम के अनुसार उनके जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम मानव राय (MANAV RAI) अंकित करने के समर्थन में यह शपथ पत्र आप महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 में वर्णित सारी बातें स्वयं की जानकारी से सही एवं सत्य है, जिस पर आज दिनांक 25/02/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

**सत्यापनकर्ता**

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांक 25/02/2026

**आम सूचना**

**मौजा- कोलर, प.ह.नं- 04, रा.नि.मं- खोरपा, तहसील-अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि, ख. नं. - 70/22 का भाग, रकबा - 7262 वर्गफुट अर्थात 0.0674 हे. भूमि के संबंध में**

सर्वविदित हो कि मेरी पक्षकार श्रीमती आरिफा कौसर पति श्री अख्तर चौहान, निवासी- साईं नगर, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्री रोहित इसरानी पिता श्री भगवान दास इसरानी, निवासी- इसरानी हाऊस, झूलेलाल मंदिर के पीछे, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि, ख. नं. - 70/22 का भाग, रकबा - 7262 वर्गफुट अर्थात 0.0674 हे. । स्थित मौजा- कोलर, प.ह.नं- 04, रा. नि. मं- खोरपा, तहसील - अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा चुका है। केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है ।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 10 (दस) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा सदस्य के पक्ष मे विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)

दिनांक- 24.02.2026 **भवदीय**
**ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय, सौरभ भोई, विवेक परमार, शिवांक भोई, अधिवक्तागण, ईश्वरी प्लाजा, जी.ई. रोड़, आनन्द नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) मो. नं. - 9926615110**

**विनम्र श्रद्धांजलि**

**दाऊ श्री कुमार सिंह चंद्राकर जी**



स्व. दाऊ श्री कुमार सिंह चंद्राकर जी
जन्म- 01.01.1948 | स्वर्गवास- 16.02.2026

एक सिद्धहस्त संगीतकार, गायक, वादक, लेखक एवं अभिनय कर्ता थे, जिनको गुरुजी, मास्टर जी एवं गांधी भी कहते थे, उनका जन्म 1 जनवरी 1948 को ग्राम फरफौद (आरंग) में माता शीराबाई चंद्राकर एवं पिता श्री लालाराम चंद्राकर जी के घर हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई, 1964 में मैट्रिक पास किये, उनका विवाह गांजर के मालगुजार दाऊ गजानंद चंद्राकर जी की सुपुत्री कुमारी बाई (सुशीला) चंद्राकर के साथ हुआ। संगीत में रुचि होने के कारण 1964 मे प्रसिद्ध नाच पार्टी फुंडहर वाले साज में एक बैंजो वादक के रूप में संगीत यात्रा शुरू किये, नाच पार्टी में बैंजो के साथ-साथ हारमोनियम, तबला, ढोलक बजाना एवं चरित्र अभिनेता के रूप में कार्य करना शामिल था, नाच पार्टी में 1964-1977 तक लगातार 13 वर्षों तक काम किये ।

दाऊ कुमार सिंह चंद्राकर को उनके साथी गण गांधी नाम से संबोधित करते थे, दरअसल में गांधी उनके नाना सरजू प्रसाद चंद्राकर को कहते थे जो मोखला गांव के मालगुजार थे, उसी के कारण उन्हें भी गांधी कहा करते थे। करीब 10 वर्षों तक वो टेलर मास्टर का भी काम किये, जिसके कारण उसे मास्टर भी बोलते थे। 1980 से 1988 तक लगातार प्रौढ़ शिक्षा मे एक शिक्षक के रूप में काम किये जिसके कारण उन्हें गुरुजी भी कहा करते थे, गांव के अशिक्षित एवं उम्र दराज लोगों को शिक्षित करने में उनका सबसे बड़ा योगदान रहा है, प्रौढ़ शिक्षा में उम्र दराज एवं अशिक्षित मजदूर लोगों को शिक्षित करने के लिए वह संगीत का ही सहारा लेकर उन्हें साक्षर बनाये, इस कारण वे पुनः नाच पार्टी का भी निर्माण किया ताकि संगीत के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सके, जो कुछ वर्षों तक चला, गांव की रामायण मंडली एवं लीला मंडली में जोकर की भूमिका, तबला वादन, एवं हारमोनियम वादन करते थे, कुछ वर्षों से वह पुराने नाचा शैली के गीतों को लिखा करते थे, कुछ गीत का रिकॉर्डिंग भी हुआ, करीब 60 वर्षों तक संगीत के एक पितामह के रूप में रहे, इस बीच उन्होंने कई लोगों को नाचा शैली के संगीत की बारीकी को भी सिखाए, छत्तीसगढ़ में वह एक ऐसे कलाकार थे जो अभिनय, वादन, गायन, लेखन सभी विधाओं में पारंगत थे, 2011 में संगीत के योगदान के लिए भिलाई में युवा कुर्मी मित्र मंडल द्वारा भुईयां सम्मान से सम्मानित किये थे, इस दुनिया में बिरले ही लोग होंगे जिसमे इतने सारे गुण हो।

वे अपना संपूर्ण जीवन बेबाक, निर्भीक, निष्कपट, निश्छल होकर जिए, कुछ वर्षों से आध्यात्मिक गुरु रावतपुरा सरकार के साथ जुड़े थे, मोह माया चिंता से बहुत दूर, जो मिला उसका कोई खुशी नहीं, जो नहीं मिला उसका गम नहीं ऐसे जीवन यापन कर रहे थे। 78 वर्ष की उम्र में विगत 15 फरवरी रात्रि 10:30 बजे इस दुनिया से रुखसत हो गए, वह अपने पीछे दो पुत्र श्री कमल चंद्राकर भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत एवं श्री हिम्मत चंद्राकर जो पूर्व सरपंच है एवं पुत्री कल्याणी चंद्राकर को छोड़कर शानदार जिंदगी जीने के बाद राजा की तरह इस दुनिया से चले गए।

उनके बातो मे मुहावरे होता था, कहावतें होता था, नसीहतें होता था, एक सीख होता था, हंसी मजाक होता था, कोई भी महफिल हो अगर कुमार सिंह चंद्राकर मौजूद है तो निश्चित रूप से हंसी मजाक होगी ही, एक रोते हुए शख्स को भी हंसने का माजदा रखते थे, अब वे हम लोगों के बीच नहीं है उनकी कमी हमेशा रहेगी, जिनकी भरपाई करना संभव नहीं है। अपने पीछे संगीत की विरासत भी छोड़ गए हैं, उनके बड़े पुत्र कमल नारायण चंद्राकर जी भी उन्हीं के भांति एक अच्छे गायक है एवं वादक है, उनके लिखे हुए कुछ गीतों को गाते हैं। संगीत के इस भीष्म पितामह को मैं हृदय से नमन करता हूं विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं।

ओम शांति... ओम शांति.... ओम शांति.....








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## मंत्री बोले- सीएसआर मद की राशि पर भारत सरकार का नियंत्रण, खर्च की अलग प्रक्रिया

# भूपेश ने कहा- कलेक्टर को आदेश नहीं दे सकते तो किस बात के मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीएसआर मद की राशि से विकास कार्य को लेकर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा, सीएसआर भारत सरकार के नियंत्रण में रहता है। सीएसआर में खर्च करने की प्रावधानिक प्रक्रिया है। निश्चित रूप से जनप्रतिनिधि जो-जो मांग करते हैं, उसके अनुसार कार्य पूर्ण होते हैं। सीएसआर मद का पैसा क्षेत्र के विकास में खर्च किया जाता है। सीएसआर मद का औद्योगिक घराने या फिर किसी काम के लिए कलेक्टर की अनुशंसा पर भी काम होता है। मैं निर्देश नहीं दे सकता। उन्होंने विधायक से कहा, कलेक्टर के साथ बैठ जाएं। मंत्री के जवाब पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने टिप्पणी की, मंत्री ने विधायक से कहा कलेक्टर को मैं निर्देश नहीं दे सकता और कलेक्टर के साथ बैठ जाइए, तो हम फिर कलेक्टर के पास ही बैठते हैं, यहां बैठने का क्या औचित्य है? कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने प्रश्नकाल में जांजगीर चांपा जिले में औद्योगिक इकाई द्वारा सीएसआर मद से कई औद्योगिक संस्थाओं द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए राशि प्रदान नहीं करने पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा, जांजगीर चांपा जिले में सीएसआर मद के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद दिए गए प्रस्तावों को प्राथमिकता ना देकर कलेक्टर ने अपने ढंग से काम बांट दिया। कई काम ऐसे बांटे गए हैं, जो आज शुरू भी नहीं हुए हैं। शहरी क्षेत्र में ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर काम दिया गया है। अनावश्यक काम कराए गए। सर्कल से बाहर देकर काम कराया गया है। कई गांव जैसे बिर्रा, कर्रा, बरबसपुर सर्कल एरिया से 25 से 30 किलोमीटर दूर है। ऐसे गांवों में ब्याज की राशि को बांट दिया गया है, इसकी क्या जांच कराएंगे। सर्वेसर्वा कलेक्टर हैं, तो समिति का क्या औचित्य है।



### सीएसआर मद पर राज्य शासन का हस्तक्षेप नहीं

मंत्री ने कहा, सीएसआर मद की कोई कमेटी नहीं बनाई गई है। डीएमएफ की कमेटी बनती है। सीएसआर मद का औद्योगिक घराने या फिर किसी काम के लिए कलेक्टर की अनुशंसा पर भी काम होता है। कलेक्टर के पास जो राशि आती है, उसकी जांच वह करते हैं। गुणवत्ताविहीन होने पर कलेक्टर जांच कराता है। उद्योगपति जिन कामों को अपने हिसाब से देते हैं, उसकी जांच कलेक्टर नहीं करता, उसकी जांच भारत सरकार के माध्यम से होती है। सीएसआर मद में राज्य शासन को कोई हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं होता। कलेक्टर को जो राशि उद्योगों से मिलती है, जिसका आवंटन किया जाता है। उस राशि की देखरेख कलेक्टर के नियंत्रण में होती है। ग्राम पंचायत को भी कलेक्टर 50 लाख तक का काम दे सकता है। मंत्री की बात पर टोकते हुए विधायक ने कहा, शहरी क्षेत्र में ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर काम दिया गया। जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव का कोई काम नहीं हुआ।

### मंत्री बोले- मुझे घोषणा करने का अधिकार नहीं

मंत्री ने बताया क्षेत्र के विकास और स्थिति को देखते हुए काम स्वीकृत किए जाते हैं। प्राथमिकता के आधार पर काम की अनुशंसा की जाती है। विधायक के दो प्रस्ताव जिसमें 2 करोड़ 69 लाख 30 हजार रुपये स्वीकृति की प्रक्रियाधीन है। वाटर जोन स्पॉट ग्राम पंचायत कुदरी में ओपन जिम, पेंटिंग समतलीकरण, पेचिंग कार्य, प्रतीक्षा और सामुदायिक भवन, सीसी रोड 1 करोड़ 30 लाख का और दूसरा काम 1 करोड़ 69 लाख के कई कामों की सूची दी गई है। विधायक ने कहा, जो गांव उन्होंने चयन किए हैं, वो अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत परियोजना के प्रभावित गांव हैं, इसकी घोषणा कर दीजिए। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि घोषणा करने का अधिकार उन्हें नहीं है। आप कलेक्टर के साथ विचार कर काम करवाइए।

### कलेक्टर पर आपका कंट्रोल नहीं- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मंत्री ने कहा, कलेक्टर को मैं निर्देश नहीं दे सकता और कलेक्टर के साथ बैठ जाइए। तो हम फिर कलेक्टर के पास ही बैठते हैं, यहां बैठने का क्या औचित्य है। जब सारा काम कलेक्टर को ही करना है और आप निर्देश नहीं दे सकते आदेश नहीं दे सकते तो फिर किस बात के लिए मंत्री बने हैं। मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। विधायक ने घोषणा करने की बात कही, उस पर मैंने कहा, मैं घोषणा नहीं कर सकता। भूपेश बघेल ने कहा, मंत्री के घोषणा करने के बाद कलेक्टर को वो काम पूरा करने की बाध्यता है। कलेक्टर पर कंट्रोल नहीं है आपका।

## विधायक चंद्राकर बोले

## नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री रोकने में प्रशासन असफल

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरम लाल कौशिक ने नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन को असफल बताया। गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रशासन के फेल होने के आरोपों को नकारते हुए कहा, यह आरोप सही नहीं है। विभाग संकल्पित है, जो भी बदमाश या अपराधी ऐसी कृत्य कर रहे है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, रायपुर समेत पूरे प्रदेश में नशे से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के आरक्षक ही नशा की बिक्री कर रहा है, इसके कारण अपराध भी बढ़ रहा है, इसे रोकने में प्रशासन विफल रहा है। उन्होंने कहा, जब विपक्ष में था, तब भी सवाल उठाता था आज स्थिति उससे भी भयावह है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, यह विषय बहुत गंभीर है, सभी पर कार्रवाई होगी। टिकरापारा में आरक्षक पर कार्रवाई हुई है। स्ट्रैटजी बदली गई है, अब एंड टू एंड कार्रवाई हो रही है। मंत्री ने कहा, कई मामलों पर पुलिस सीधे कार्रवाई नहीं कर सकती है। पूरी कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी है। बैठक की जा रही है, मेडिकल दुकानों को भी हिदायत दी गई है, जिसके बाद उस पर भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, 24 घंटे आपके साथ खड़ा हूं, जानकारी पर कार्रवाई होगी।



**खास बातें**

- गृह मंत्री ने कहा- जो भी अपराधी ऐसा कृत्य कर रहे है, उन पर कड़ी कार्रवाई
- विधानसभा में उठा नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री का मुद्दा

### शराब पर बात निकली तो दूर तलक जाएगी

मंत्री ने कहा, शराब पर बात निकलेगी तो दूर तक जाएगी। भूपेश बघेल बोले दूर तक जाए तो जाने दीजिए, चर्चा कराइए। विजय शर्मा ने कहा, नशे का व्यापार करने वाला आरोपी और नशे का आदी व्यक्ति बेचारा होता है। राजेश मूणत ने कहा, राजधानी में सूखा नशा बिक रहा है, उसको पकड़वाने वाले के लिए इनाम की घोषणा करें।

## गिग वर्कर्स की सुरक्षा पर सवाल, मंत्री बोले- राज्य केंद्र के अधिनियम का करेगा पालन

विधानसभा में गिग वर्कर्स की स्थिति, उनके अधिकार और राज्य स्तर पर नियम की आवश्यकता को लेकर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा, स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट और रैपिडो जैसी कंपनियों में काम कर रहे गिग वर्करों को संगठित मजदूरों की श्रेणी में रखा जाएगा या असंगठित में। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा, राज्य में नियम भारत सरकार के अधिनियम के अधीन ही बनाए जाएंगे। प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर ने कहा, उन्होंने पहले भी आउटसोर्सिंग कंपनियों को लेकर सवाल उठाए थे। उस दौरान सरकार ने कहा था कि इस संबंध में कोई स्पष्ट कानून नहीं है। उनका आरोप है कि आज भी स्थिति ठीक पहले की ही तरह है। आखिर क्यों इस बारे में सरकार विचार नहीं कर रही है। गिग वर्कर मर रहे हैं और कंपनियां ऐश कर रही हैं। तेज डिलीवरी के दबाव में कई बार गिग वर्करों की जान जा रही है। मानवाधिकार संगठनों ने भी इस मुद्दे पर लगातार चिंता जताई है। साल 2020 में सामाजिक सुरक्षा संहिता लागू होने के बावजूद अब तक स्पष्ट नियम नहीं बनाए गए हैं। जब तक नियम नहीं बनेंगे, छत्तीसगढ़ के युवा शोषण का शिकार होते रहेंगे।

### केंद्र के नियम का अनुसरण करेगा राज्य

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने जवाब में स्पष्ट किया कि फिलहाल गिग वर्करों को न तो संगठित क्षेत्र में रखा गया है और न ही असंगठित क्षेत्र में। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्करों को शामिल किया गया है। जैसे ही भारत सरकार इस संबंध में नियम अधिसूचित करेगी, राज्य सरकार उसका अनुसरण करेगी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने इस विषय पर एक समिति गठित की थी और उसकी प्रक्रिया जारी थी, इसी दौरान भारत सरकार ने चार श्रम संहिताएं लागू की है। इसके बाद राज्य की कार्यवाही केंद्र के अधिनियम के अनुरूप आगे बढ़ाई जा रही है। राज्य में नियम भारत सरकार के अधिनियम के अधीन ही बनाए जाएंगे।

## मूणत बोले- खारुन में नाले का गंदा पानी सीएम और मंत्रियों को पिलाया जा रहा

विधानसभा में पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक राजेश मूणत ने राजधानी रायपुर की जीवनदायिनी खारुन नदी में नाले का गंदा पानी जाकर मिलने के विषय को काफी आक्रामक ढंग से उठाया। वे यह कहने से नहीं चूके कि मुख्यमंत्री से लेकर सारे अन्य मंत्रियों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। प्रश्नकाल में राजेश मूणत का सवाल था कि खारुन नदी के पास 81 करोड़ 88 लाख रुपये व्यय कर 75 एमएलडी क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र (एसटीपी) के पूर्ण रूप से क्रियाशील होने के बाद भी चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहा गंदा पानी नदी के जल को प्रदूषित कर रहा है? यदि हां तो इसे रोकने के लिए क्या उपाय किये गए? चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहे गंदे तथा दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा 11 करोड़ की कार्य योजना नगरीय प्रशासन विकास विभाग को पिछले 1 वर्षों से भेजे जाने के बाद भी क्या स्वीकृति हेतु लंबित है? यदि हां तो स्वीकृति कब तक दी जावेगी? उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने जवाब में कहा, खारुन नदी के पास 81 करोड़ 88 लाख रुपये व्यय कर 75 एमएलडी क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र का निर्माण किया गया है, जो कि पूर्ण रूप से क्रियाशील है। चिंगरी नाला का दूषित जल नाले में बनाये गये पिकअप वियर से ओवर फ्लो होकर नदी में प्रवाहित हो जाता है।



### निगम ने तैयार की 11 करोड़ की कार्ययोजना

श्री साव ने कहा, इस हेतु मुख्य अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में समिति का गठन कर प्रस्ताव का परीक्षण किया जा रहा है। चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहे गंदे तथा दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा 11 करोड़ रुपए की कार्य योजना तैयार की गयी है। उक्त प्रस्ताव के परीक्षण हेतु मुख्य अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के बाद प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार रायपुर नगर निगम से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद आगामी कार्यवाही की जावेगी।

**कमेटी कुछ नहीं कर रही : मूणत**

प्रश्नकाल समाप्त होने को जब दो से तीन मिनट ही बचा था, राजेश मूणत ने कहा, मुख्यमंत्री से लेकर सारे अन्य मंत्री राजधानी रायपुर में बसते हैं। सारे लोगों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। मैं खुद रायपुर नगर निगम कमिश्नर तथा अन्य अफसरों के साथ शहर से 8 किलोमीटर की दूरी पर उस जगह पर गया था जहां खारुन नदी में नाले का गंदा पानी जाकर मिल रहा है। मंत्री साव ने कहा, इसके समाधान के लिए 3 महीने पहले एक कमेटी बनाई है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. रमन का कोयंबटूर में स्लिप डिस्क का ऑपरेशन सफल

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का कोयंबटूर में स्लिप डिस्क का ऑपरेशन हुआ। डॉ. रमन सिंह का आपरेशन सफल रहा। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। डॉ. रमन सिंह ने पोस्ट कर कहा, आज तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित हॉस्पिटल में मेरे कमर संबंधी (स्लिप डिस्क) समस्या का ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ है और चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप मैं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा हूँ। आप सभी की मंगलकामनाओं के लिए आभारी हूं।



### विधानसभा जा रहे 8 डीएड अभ्यर्थी हिरासत में लिए गए

**रायपुर।** विधानसभा की कार्रवाई देखने जा रहे डीएड के 8 अभ्यर्थियों को सुरक्षा कर्मियों ने हिरासत में ले लिया। बताया जाता है कि उनका मामला विधानसभा में उठने वाला था, उसे देखने पहुंचे थे। उनके लिए कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा दर्शक दीर्घा का पास बनवाया था। उन्हें प्रवेश करते समय ही सुरक्षा कर्मियों ने हिरासत में ले लिया। सुरक्षा कर्मियों ने हंगामे की आशंका में उन्हें अंदर नहीं जाने दिया।

## बंद और बीमार उद्योगों के लिए सरकार ने जारी किया पैकेज, 5 लाख पूंजी निवेश वाले उद्योग को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में बंद और बीमार उद्योगों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'छत्तीसगढ़ बंद एवं बीमार उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन नियम, 2024' लागू कर दिए हैं। खास बात ये है कि ऐसे विनिर्माण क्षेत्र के उद्योग जिनमें प्लांट एवं मशीनरी में न्यूनतम 5 लाख रुपये का निवेश हो और जो वित्तीय संकट के कारण बंद या बीमार हो गए हों, वे इस पैकेज के लिए पात्र होंगे।

- बंद एवं बीमार उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन नियम

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा यह नियम राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य बंद या बीमार औद्योगिक इकाइयों को पुनः संचालित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करना है। राज्य सरकार का मानना है कि इस विशेष प्रोत्साहन पैकेज से बंद और बीमार उद्योगों को नया जीवन मिलेगा, औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### इन उद्योगों को मिलेगा लाभ

नियमों के अनुसार, ऐसे विनिर्माण क्षेत्र के उद्योग जिनमें प्लांट एवं मशीनरी में न्यूनतम 5 लाख रुपये का निवेश हो और जो वित्तीय संकट के कारण बंद या बीमार हो गए हों, वे इस पैकेज के लिए पात्र होंगे। हालांकि नीति के परिशिष्ट-3 में उल्लिखित अपात्र इकाइयों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

### राज्य सरकार ने बनाया नियम, लागू भी हो गया



### जिला एवं राज्य स्तरीय समितियां लेंगी निर्णय

प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के मामलों में जिला स्तरीय समिति तथा अन्य उद्योगों के मामलों में राज्य स्तरीय समिति अंतिम निर्णय लेगी कि संबंधित इकाई को बीमार या बंद घोषित किया जाए या नहीं तथा उसके पुनर्वास की संभावना कितनी है।

### ये होगी आवेदन की प्रक्रिया

सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को अपने आवेदन संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में प्रस्तुत करना होगा, जबकि अन्य उद्योगों के प्रकरण उद्योग संचालनालय में जमा किए जाएंगे। आवेदन के साथ विस्तृत पुनर्वास योजना, बंद या बीमार होने के कारणों का विवरण, बैंक या वित्तीय संस्थाओं से ऋण स्वीकृति, स्वअंशदान और वित्तीय अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। योजना का मूल्यांकन अधिकृत अप्रेजल एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

### पैकेज लिया तो देना होगा ये हिसाब

पैकेज का लाभ लेने वाली इकाइयों को पांच वर्ष तक चार्टर्ड अकाउंटेंट से प्रमाणित लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा। साथ ही, राज्य को देय करों का भुगतान, उत्पादन और रोजगार से संबंधित वार्षिक जानकारी देना अनिवार्य होगा। बीमार या बंद घोषित अवधि के दौरान लाभांश घोषित करने या भुगतान करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, इकाइयों को पर्यावरण मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा।

**देना होगा रोजगार :** पुनर्वास के बाद उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से पांच वर्ष तक इकाइयों को अकुशल, कुशल और प्रबंधकीय वर्ग में क्रमशः 100 प्रतिशत, 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना होगा।

## दिग्विजय पहुंचे रायपुर, भूपेश और महंत निवास में अपने समर्थकों से की मुलाकात

### दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आए एमपी के पूर्व सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। वे इस दौरान भूपेश बघेल के निवास पहुंचे। उल्लेखनीय है कि वे यहां पर तेंदूपत्ता नीति को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मध्यप्रदेश में अर्जुन सिंह सरकार के समय लागू की गई तेंदूपत्ता नीति के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन अर्जुन सिंह की बेटी वीणा सिंह द्वारा किया जा रहा है।

भूपेश बघेल के सरकारी निवास पर इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहां से वे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास पहुंचे। श्री सिंह ने पुराने समर्थकों से मुलाक़ात भी की और पुराने दिनों को याद किया। यहां पर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। श्री सिंह 26 फरवरी को सुबह 8 बजे रायपुर से सड़क मार्ग से डोंगरगढ़ रवाना होंगे। वहां पर स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद दोपहर 3 बजे किरनापुर बालाघाट के लिए रवाना होंगे।

### ये थे मौजूद

इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, पूर्व सांसद गंगा पोटाई, जयसिंह अग्रवाल, विधायक कवासी लखमा, उमेश पटेल, अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, अमितेश शुक्ल, राजकमल सिंघानिया, गुलाब कमरों, युडी मिंज, विनय जायसवाल, मोहित करकेट्टा, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, अनीता शर्मा, अम्बिका सिंहदेव, पीसीसी महामंत्री मालकित गैदु, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, दीपक दुबे, संजय पाठक, प्रमोद चौबे, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, अमित पांडे, घनश्याम राजू तिवारी, अमरजीत चावला, हरीश परसाई, मनोज चौहान, शोभा यादव, हसन खान, बबिता नत्थानी, श्रीकुमार मेनन, राजेंद्र बंजारे, मनोज कन्दोई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेजन उपस्थित थे।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं सुरेश राय उम्र 46 वर्ष पिता स्व. शांति लाल राय, निवासी कृषक नगर जोरा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492012 शपथपूर्वक कथन करता हूं किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे पुत्र मानव राय का जन्म दिनांक 10/06/2009 को आवनी हॉस्पिटल, भिलाई जिला दुर्ग में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 2145 दिनांक 03/07/2009 है। जिसमें उनका नाम मानव कुमार राय (MANAV KUMAR RAI) अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड (6965 1266 9773) में उसका नाम मानव राय (MANAV RAI) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में अंकित सही नाम के अनुसार उनके जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम मानव राय (MANAV RAI) अंकित करने के समर्थन में यह शपथ पत्र आप महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 में वर्णित सारी बातें स्वयं की जानकारी से सही एवं सत्य है, जिस पर आज दिनांक 25/02/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

**सत्यापनकर्ता**

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांक 25/02/2026

**आम सूचना**

**मौजा- कोलर, प.ह.नं- 04, रा.नि.मं- खोरपा, तहसील-अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि, ख. नं. - 70/22 का भाग, रकबा - 7262 वर्गफुट अर्थात 0.0674 हे. भूमि के संबंध में**

सर्वविदित हो कि मेरी पक्षकार श्रीमती आरिफा कौसर पति श्री अख्तर चौहान, निवासी- सांई नगर, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्री रोहित इसरानी पिता श्री भगवान दास इसरानी, निवासी- इसरानी हाऊस, झूलेलाल मंदिर के पीछे, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि, ख. नं. - 70/22 का भाग, रकबा - 7262 वर्गफुट अर्थात 0.0674 हे. । स्थित मौजा- कोलर, प.ह.नं- 04, रा. नि. मं- खोरपा, तहसील - अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने का पक्का सौदा किया जा चुका है। केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है ।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 10 (दस) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा सदस्य के पक्ष मे विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)

दिनांक- 24.02.2026

**भवदीय**
**ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय, सौरभ भोई, विवेक परमार, शिवांक भोई, अधिवक्तागण, ईश्वरी प्लाजा, जी.ई. रोड़, आनन्द नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9926615110**

## निजी स्कूल के संचालकों ने की महापौर से मुलाकात, संपत्ति कर में छूट का आग्रह



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के निजी स्कूल संचालकों ने बुधवार को महात्मा गांधी सदन के मेयर कक्ष में महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर उन्हें संपत्ति कर में छूट देने का अनुरोध किया। महापौर को अधिकारियों ने बताया कि अधिनियम के तहत पंजीकृत निजी स्कूलों को संपत्तिकर में नियम अनुसार छूट का प्रावधान है, अन्य करों में छूट का प्रावधान नहीं है। मीनल चौबे ने राजस्व विभाग के उपायुक्त जागृति साहू और आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन सहित जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों को निगम क्षेत्र के निजी स्कूल संचालकों से संपर्क कर सम्मान के साथ तीन दिन में स्वविवरणी फार्म भरवाकर करों की वसूली सुनिश्चित करने निर्देश दिए। उन्होंने निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा, किसी भी हालत में नियम विपरीत कार्यवाही न की जाए। बकायादारों से कर वसूली के नाम पर किसी तरह का सख्त व्यवहार किया जाना कदापि सहन नहीं किया जाएगा।

## कृषि, शिक्षा, युवा रोजगार और विकास का बजट

**रायपुर।** विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत श्रवण गिरी गोस्वामी ने छत्तीसगढ़ सरकार की बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि कृषि, शिक्षा, युवा रोजगार एवं विकास की बजट है। इस बजट में 206 गांवों को शहर से जोड़ने की नयी योजना के अंतर्गत 250 करोड़ का प्रावधान, आयुष्मान योजना अंतर्गत होम्योपैथोलॉजी कॉलेज नया रायपुर, पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए सीएम आदर्श शहर समृद्ध योजना 200 करोड़ का प्रावधान, घरेलू बिजली उपभोक्ता की राहत की प्रावधान दिया, शिक्षा के क्षेत्र में नवीन कालेज एवं नालंदा परिसर का प्रावधान, पीडब्ल्यूडी विभाग को नवीन सड़क निर्माण के लिए 9450 करोड़ का प्रावधान किया गया है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पंवार क्षत्रिय संगठन का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 1 मार्च को

**रायपुर।** पंवार क्षत्रिय संगठन द्वारा चंगोराभाठा स्थित पंवार सभा भवन में 1 मार्च को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी संगठन के अध्यक्ष डॉ रमेश राहंगडाले ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में अलग अलग प्रदेशों से समाज के समाजसेवी, वरिष्ठ जन आमंत्रित किए गए।

**निधन**

### जपबीर सिंह ग्रेवाल

**रायपुर।** सिटी ऑफ़ ड्रीम्स, कचना निवासी जपबीर सिंह ग्रेवाल (47)



का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा। वे राजवंत सिंह ग्रेवाल के भतीजे, परमबीर ग्रेवाल के बड़े भाई व गुरैक, जयबीर ग्रेवाल के पिता थे।

### सुरेश पिनयानी

**रायपुर।** संतोषी नगर निवासी सुरेश पिनयानी का निधन हो गया। उनकी



अंतिम यात्रा 26 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनोहर लाल पिनयानी के भाई और निखिल, अखिल पिनयानी के पिता थे।

### डॉ अश्विनी कुमार वर्मा

रायपुर। जबलपुर निवासी होमसाइंस कॉलेज से सेवानिवृत्त



प्राचार्य डा. अश्विनी कुमार वर्मा कवर्धा वाले (84) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार जबलपुर में किया गया। वे डॉ अचिन और डॉ यतिन वर्मा के पिता और इंद्रपाल वर्मा और पत्रकार नगेन्द्र वर्मा के चाचा थे। उन्होंने साइंस कॉलेज रायपुर में फिजिक्स के प्रोफेसर पद पर सेवाएं दी थीं।

# डूंडा में 10 एकड़ जमीन पर स्थापित होगा दूसरा फिल्टर प्लांट, 100 एमएलडी की रहेगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

रायपुर नगर निगम का दूसरा नया फिल्टर प्लांट डूंडा में 10 एकड़ जमीन पर स्थापित होगा। आने वाले ढाई दशक तक की जनसंख्या और उस हिसाब से पेयजल की जरूरत को ध्यान में रखकर इस प्लांट को तैयार किया जाएगा। नया प्लांट 100 एमएलडी की क्षमता का होगा।

नगर निगम के जल विभाग के डूंडा क्षेत्र में जमीन का सर्वे कर 10 एकड़ सरकारी जमीन चिन्हांकित कर जिला कलेक्टर को नए फिल्टर प्लांट के लिए जमीन की मांग करते हुए पत्र लिखा गया है। दरअसल, राजधानी की बढ़ती आबादी और लगातार गहराते जल संकट को देखते हुए अब 75 साल बाद एक बार फिर नया वाटर फिल्टर प्लांट स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है। भाठागांव में 1951 में स्थापित मौजूदा फिल्टर प्लांट शहर की बढ़ती जरूरतों के सामने अब छोटा पड़ चुका है। यही वजह है कि रायपुर नगर निगम ने डूंडा क्षेत्र में 100 एमएलडी क्षमता का नया वाटर फिल्टर प्लांट स्थापित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। यह प्लांट भविष्य में 2050 तक होने वाली जनसंख्या वृद्धि के हिसाब से राजधानी की जल आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा।

### 4.6 टीएमसी रॉ वाटर की पड़ेगी जरूरत, एग्रीमेंट सहमति के लिए भेजा पत्र

जल विभाग ने डूंडा में बनने वाले नए फिल्टर प्लांट को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग को 4.6 टीएमसी रॉ वाटर की प्रति वर्ष डिमांड बताते हुए एग्रीमेंट पर सहमति प्रदान करने पत्र लिखा है। वर्तमान में रायपुर शहर के लिए गंगरेल डेम से प्रति वर्ष 3.15 टीएमसी रॉ वाटर की आपूर्ति की जा रही है। सिंचाई विभाग से 15 साल के लिए हुए इस पुराने एग्रीमेंट की अवधि वर्ष 2030 तक है। इसके बाद आने वाले 15 साल के लिए नया एग्रीमेंट होगा, जिसमें नए फिल्टर को ध्यान में रखते हुए रॉ वाटर की डिमांड बढ़कर 3.16 टीएमसी से बढ़कर 4.6 टीएससी प्रति वर्ष की डिमांड आंकी गई है।



■ 2050 तक की आबादी के लिए पानी की जरूरत को करेगा पूरा

### डूंडा में प्लांट के लिए कलेक्टर से मांगी है जमीन

100 एमएलडी के नए वाटर फिल्टर प्लांट के लिए डूंडा में सर्वे कर जमीन का चयन किया गया है। जिला कलेक्टर को 10 एकड़ सरकारी जमीन की मांग करते हुए पत्र लिखा गया है।
- नरसिंग फरेंद्र, कार्यपालन अभियंता, जल विभाग

### 130 करोड़ का जलशोधन संयंत्र शासन को भेजा प्रस्ताव

डूंडा में 130 करोड़ की प्रस्तावित लागत वाले 100 एमएलडी के नए जलशोधन संयंत्र के संबंध में आवश्यक राशि स्वीकृति के लिए निगम के जल विभाग ने राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। योजना के मुताबिक इस नए संयंत्र से 15 टंकियों को जोड़कर विभिन्न कॉलोनियों और वार्डों में पानी सप्लाई किया जाएगा। जल विभाग ने नए प्लांट के लिए स्रोत और खारुन नदी से पानी लाने के संभावित मार्ग का सर्वे शुरू किया है।

### 10 से 30 बेड की होगी क्षमता, भवन का होगा विस्तार स्टाफ भी बढ़ेगा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तब्दील होगा रामनगर पीएचसी, बढ़ेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

खालबाड़ा, रामनगर सहित आसपास की करीब डेढ़ लाख आबादी को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। दस बेड वाले इस हेल्थ सेंटर की क्षमता तीस बेड की होगी और भवन के विस्तार के साथ आवश्यक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा। रामनगर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलने के बाद शहर में इनकी संख्या पांच हो जाएगी।

बजट में कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के रूप में किए जाने की घोषणा की गई है। इसमें रामनगर का दस बिस्तरों का वाला शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल है। पिछले आठ साल से सर्दी-बुखार से पीड़ितों को दवा देने और नियमित टीकाकरण को अंजाम देने वाले इस स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव की सुविधा के साथ अन्य तरह की जांच सुविधाओं का भी विस्तार होगा। यहां मरीजों के लिए मौजूद बिस्तरों की संख्या भी दस से बीस बेड की होगी। साथ छोटी-मोटी बीमारी और संक्रामक रोगों से पीड़ितों को भर्ती कर यहां इलाज किया जा सकेगा। वर्तमान में दो कमरे में संचालित इस हेल्थ सेंटर के विस्तार के लिए आवश्यक निर्माण के साथ जरूरी स्टाफ का इंतजाम भी किया जाएगा। इस सीएचसी का लाभ आसपास के डेढ़ लाख की आबादी को मिलेगा। क्षेत्र में गुढ़ियारी हमर अस्पताल मौजूद है, मगर रामनगर से इसकी दूरी काफी ज्यादा है। प्राथमिक के सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र बनाने के बाद मरीजों को अपने जरूरी इलाज के लिए लंबा सफर नहीं करना होगा। रामनगर हेल्थ सेंटर का स्वरुप बदलने के बाद शहर में गुढ़ियारी (हमर अस्पताल), आयुर्वेदिक अस्पताल का शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खोखो पारा तथा बिरगांव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलाकर संख्या पांच हो जाएगी।

### जिला अस्पताल से अलग कालीबाड़ी एमसीएच

बजट में शासन ने मातृ शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी का सेटअप जिला अस्पताल से अलग करने की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रस्ताव की स्वीकृति के बाद एमसीएच का पूरा स्टाफ अलग होगा। 200 बिस्तर के इस अस्पताल में अभी जिला अस्पताल के डाक्टर सहित अन्य स्टाफ की पोस्टिंग की जाती है। यहां के लिए नए पद स्वीकृत किए जाने के बाद जिला अस्पताल पंडरी को सर्जन और विशेषज्ञ डाक्टर वापस मिलेंगे। इससे वहां भी प्रसव सुविधा की शुरुआत होने की उम्मीद है।




### योजना के मुताबिक काम

*सामुदायिक स्तर के हेल्थ सेंटर बनने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्य और स्टाफ की तैनाती की जाएगी। प्राइमरी से कम्युनिटी स्तर के हेल्थ सेंटर बनने से जरूरी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।*
*- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ*

# कई दुर्घटनाओं के बाद जागा पीडब्ल्यूडी विभाग, हादसों वाली जगहों पर बनवाए स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**खबर का असर**

राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द से लेकर मुजगहन, सेजबहार तक मुख्य सड़क पर कई हादसों वाली जगहों पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्पीड ब्रेकर बनवाए हैं। हरिभूमि ने इस मार्ग पर कई चौराहों और क्रासिंग के पास तेज रफ्तार में गाड़ियों के आवागमन के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की खबर प्रकाशित की थी। इस खबर का असर भी हुआ है।

विभाग ने अब इस मार्ग पर हादसों वाली जगहों को चिन्हांकित कर वाहन की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए स्पीड ब्रेकर बनवाए हैं, जिसके बाद से अब तक यहां कोई सड़क दुर्घटना भी नहीं हुई है।उल्लेखनीय है कि मुजगहन चौक के पास जिला पंचायत उपाध्यक्ष की मां भी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो चुकी है। मोटरसायकल सवार एक युवक ने पैदल रोड क्रास कर रही उपाध्यक्ष की मां को टक्कर मार दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज कराने के लिए उन्हें करीब दो से तीन हफ्ते तक अस्पताल में ही भर्ती रहना पड़ा था।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने की थी शिकायत

जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने भी इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग तथा जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर शिकायत की थी। इस पत्र में उपाध्यक्ष ने विभाग और कलेक्टर को अवगत कराया था कि बोरियाखुर्द से लेकर मुजगहन-सेजबहार तक कई जगह पर क्रासिंग एवं चौराहा है। इन स्थानों पर रोड के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। कुछ घटना में तो मौत भी हो चुकी है। उन्होंने मांग की थी कि जल्द से जल्द इस मार्ग पर चौराहों के पास स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। इस मांग पर विभाग ने अब इस मार्ग पर कई जगह पर स्पीड ब्रेकर बनवाए हैं। बताया गया कि स्पीड ब्रेकर जब से बने हैं, तब से चौराहा, क्रासिंग के पास दुर्घटनाएं भी नहीं हुई हैं।

**बिजनेस साइट**

## रायपुर में निसान की ऑल-न्यू ग्रेविट का अनावरण दमदार डिजाइन और एडवांस फीचर्स से लैस

**रायपुर।** निसान ने अपनी ऑल-न्यू ग्रेविट का अनावरण किया। यह एसयूवी निसान की वैश्विक डिजाइन भाषा के अनुरूप एक विशिष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण पहचान स्थापित करती है। ऊंचे अनुपात, मस्कुलर बॉडी लाइन्स, उभरे हुए व्हील आर्च और उच्च ग्राउंड क्लीयरेंस इसे दमदार रोड प्रेजेंस देते हैं, जो भारत की विविध ड्राइविंग परिस्थितियों के लिए उपयुक्त मानी जा रही है।



ग्रेविट अपने सेगमेंट में एकमात्र वाहन है जिसमें विशिष्ट हुड ब्रांडिंग के साथ अद्वितीय रियर डोर बैजिंग दी गई है, जो इसे अलग पहचान प्रदान करती है। इसकी पहचान का केंद्र निसान का सिग्नेचर सी-आकार का डिज़ाइन है, जो आगे और पीछे एकीकृत है और प्रीमियम, समकालीन लुक देता है। फीचर्स की बात करें तो इसमें चारों ओर एलईडी लाइट्स, इंटीग्रेटेड डीआरएल के साथ सिग्नेचर एलईडी हेडलाइट्स, क्रिस्टल एज एलईडी टेल लाइट्स, एलईडी फॉग लाइट्स, पियानो ब्लैक 2डी ग्रिल, कार्यात्मक रूफ रेल्स और बेहतर व्यावहारिकता के लिए चौड़े खुलने वाले दरवाजे शामिल हैं।

## रायपुर में यूको बैंक की नई शाखा का हुआ शुभारंभ

**रायपुर।** यूको बैंक की छत्तीसगढ़ राज्य में 63वीं शाखा के रूप में भाठागांव, रायपुर शाखा का शुभारंभ बुधवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में अंचल प्रमुख वीणा कुमारी, उप अंचल प्रमुख अमोल बी. मंडारे सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नई शाखा व्यावसायिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। इसके समीप बस स्टैंड, सब्जी मंडी तथा प्रमुख आवासीय क्षेत्र होने से व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा। बैंक प्रबंधन ने विश्वास जताया कि इस पहल से क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को मजबूती मिलेगी और अधिक लोगों तक



आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचेंगी। अंचल प्रमुख वीणा कुमारी ने बताया कि पदनाभपुर क्षेत्र में भी इसी वित्तीय वर्ष में नई शाखा खोली जाएगी तथा राज्य के अन्य जिलों में विस्तार की योजना प्रस्तावित है।

## सीआईआई ने छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 का किया स्वागत

**रायपुर।** कॉनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री(सीआईआई) छत्तीसगढ़ राज्य परिषद ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट





2026–27 में उद्योग क्षेत्र को दी गई प्राथमिकता का स्वागत किया है। परिषद के अनुसार उद्योग विभाग के लिए 1,750 करोड़ का प्रावधान राज्य के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा। परिषद के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि कृषि-आधारित उद्योगों, औद्योगिक अधोसंरचना, निर्यात प्रोत्साहन तथा नवाचार-आधारित मिशनों पर विशेष ध्यान राज्य की समग्र आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा में कृषि-आधारित उद्योगों हेतु 100 करोड़ का प्रावधान संतुलित क्षेत्रीय विकास में सहायक होगा। परिषद के उपाध्यक्ष बजरंग गोयल ने 750 करोड़ की सब्सिडी और नवा रायपुर–राजनांदगांव क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को उद्योगों के लिए लाभकारी बताया। परिषद ने विश्वास जताया कि इन प्रावधानों से निवेश और रोजगार में वृद्धि होगी।

## छत्तीसगढ़ का 'संकल्प' बजट उद्योग-हितैषी और दूरदर्शी है: निकेश बरड़िया



**रायपुर।** वित्त वर्ष 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के 'संकल्प' बजट का उद्योग जगत ने स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने इसे दूरदर्शी और उद्योग-हितैषी बजट बताया। उन्होंने 23 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना और 250 करोड़ रुपये के प्रावधान को राज्य में औद्योगिक क्रांति की दिशा में बड़ा कदम कहा। बरड़िया ने कहा कि बजट में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में संतुलित विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने नगरीय विकास के लिए 750 करोड़ और मुख्यमंत्री सड़क योजना हेतु 200 करोड़ के प्रावधान को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के लिए अहम बताया। रायपुर में खाद लैब, एआई के लिए 10 करोड़ तथा अबूझमाड़ व जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी की स्थापना को कौशल विकास की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।

# विद्यार्थियों के लिए बनाए जाएंगे जिम, हॉस्टल में ही मिनी नालंदा, सुपरस्पीड इंटरनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विज्ञान महाविद्यालय में बनाए जाने वाले 500 सीटर छात्रावास में विद्यार्थियों को जिम की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा छात्रों के लिए हॉस्टल में ही एक लाइब्रेरी बनाई जाएगी ताकि यदि छात्र देर रात अध्ययन-अध्यापन करना चाहें तो कर सकें। यहां नालंदा की तर्ज पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी किताबों को भी जगह दी जाएगी ताकि विद्यार्थी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार रहें। गौरतलब है कि साइंस कॉलेज में 500 सीटर नवीन छात्रावास बनाने का प्रस्ताव बीते वर्ष मंजूर किया जा चुका है। इसके लिए 48 करोड़ रुपए का बजट भी स्वीकृत हुआ है। साइंस कॉलेल में फिलहाल पांच हॉस्टल हैं। इसमें से तीन बालक और दो बालिका छात्रावास हैं। यहां केवल 250 सीटें ही हैं। विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश के अतिरिक्त यहां के हॉस्टल में भी दाखिले के लिए प्रतिवर्ष मारामारी की स्थिति रहती है। इसे देखते हुए नवीन हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है।

नए बनने जा रहे 500 सीटर छात्रावास में बालकों के लिए 400 सीटें रहेंगी, जबकि बालिकाओं के लिए केवल 100 सीटें ही रहेंगी। यहां हॉस्टल में लड़कियों की तुलना में लड़कों के आवेदन अधिक प्राप्त होते हैं। यही कारण है कि नवीन निर्मित होने वाले छात्रावास में बालिकाओं की तुलना में बालकों को अधिक सीट अलॉट की जाएगी। वर्तमान वर्ष में इसकी निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ होने की उम्मीद है।


फाइल फोटो

■ विज्ञान महाविद्यालय में छात्रों के लिए 48 करोड़ की लागत से बनेगा 500 सीटर छात्रावास

■ हॉस्टल में उपलब्ध सीट से कई गुना अधिक आवेदन मिलते हैं महाविद्यालय प्रबंधन को

### बहुमंजिली इमारत

हॉस्टल में भूतल सहित तीन तल होंगे। जिम, लाइब्रेरी, भोजन कक्ष सहित सभी कक्ष इन्हीं तलों में निर्मित किए जाएंगे। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि प्रत्येक तल के छात्र आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकें। छात्रों के लिए कंप्यूटर लैब, इंडोर स्पोर्ट्स के लिए क्षेत्र व मल्टीपर्पस हॉल भी बनेगा। यहां छात्रों को हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि वे ऑनलाइन अध्ययन बेहतर तरीके से कर सकें। पुराने हॉस्टल की तरह नवीन हॉस्टल में भी छात्रों को प्रवेश प्रावीण्य सूची के आधार पर दिया जाएगा।

### सभी हाईटेक सुविधा

साइंस कॉलेज के हॉस्टल को पूरी तरह से हाईटेक बनाया जाएगा। हाईस्पीड इंटरनेट, जिम, लाइब्रेरी सहित कई तरह की सुविधाएं छात्रों को हॉस्टल में ही मिलेंगी। उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
-**प्रो.अमिताभ बनर्जी**, प्राचार्य, विज्ञान महाविद्यालय

# गुढ़ियारी का आदतन बदमाश हुआ जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कलेक्टर ने जारी किया आदेश



आदतन बदमाश प्रवृत्ति के एक युवक को जिला प्रशासन ने तीन माह के लिए जिलाबदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गौरव सिंह ने बुधवार को इस मामले में आदेश जारी किया है। जिलाबदर हुआ बदमाश गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसके विरुद्ध कई प्रकरण दर्ज हैं। इस आदेश के तहत बदमाश को जिला क्षेत्र की सीमा से बाहर जाने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधरने पर किया जिलाबदर

जारी आदेश में बताया गया है कि आरोपी राजा राजपूत 25 वर्ष निवासी बुद्ध चौक रामनगर थाना गुढ़ियारी के विरुद्ध थाने में कई प्रकरण दर्ज हैं। आए दिन वह आपराधिक कृत्य करता है, जिसके कारण क्षेत्र में आतंक और असुरक्षा की भावना लोगों में फैली हुई है। राजा के विरुद्ध पूर्व में कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। इसके बाद भी उसमें कोई सुधार नहीं आया है और लगातार आपराधिक कृत्य करता रहता है। कलेक्टर ने इस मामले में सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक गोपनीय साक्ष्य और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को 3 माह के लिए जिलाबदर किया है। इस आदेश के तहत राजा 4 मार्च तक रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाना होगा, साथ ही 24 मई तक बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के वह इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर उसके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह जुनेजा के चौराहे पर कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के देवेंद्र नगर स्थित चौराहे पर चाय की चुस्की लेने पहुंचे, उनके साथ छतीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत एवं उमेश पटेल मौजूद रहें। इस दौरान श्री सिंह ने चौक पर सिक्ख समाज द्वारा संचालित दवाई की लंगर देख श्री जुनेजा का एवं पुरे सिक्ख समाज की प्रशंसा किया। श्री सिंह ने पुराने समर्थको से मुलाक़ात भी किया और पुराने दिनों को याद की। प्रमुख रूप से रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन एवं ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष कमल धृतलहरे, सुनील भुवाल, संजय सोनी, श्रीनिवास, दलजीत चावला, भुप्पी सिंह, बंटी चावला, माधव छुरा, प्रवेश लखवानी, सागर तांडी, मकरंद तांडी, गुलाब माखीजा, राधे नायक, अरुण सिंह, आकाश नाग, विजय सिक्का, श्याम सिक्का, इमरान हिंगरा, जयंत मनवानी, राहुल श्रीवास्तव, शहबुद्दीन, गौतम यादव मुन्ना भाई, सेवक महानद सहित कांग्रेस के कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

**पेज 11 के शेष ...**

### एक साल में हादसों में ...

कैमरों से पहचान कर उनके पते पर ई-चालान जनरेट कर भेजा जाएगा। कैमरे की निगरानी परिवहन विभाग के साथ ट्रैफिक पुलिस करेगी। हाईवे पर लगे कैमरे की मॉनिटरिंग करने अलग से टीम बनेगी। कैमरे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लगाया जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक्सीडेंट रोकने इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग करने आदेश दिया है।

### शिक्षा विभाग ही लेगा ...

कानून में संशोधन कर दिया था। संशोधन के अनुसार, कक्षा पांचवी और आठवीं में वार्षिक परीक्षा आयोजित की जा सकती है। सुनवाई के बाद न्यायाधीश नरेश चंद्रवंशी ने निजी स्कूल संगठन की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने माना कि संशोधित कानून के बाद बोर्ड परीक्षा कराना पूरी तरह वैध है। प्रदेश में 6,800 निजी स्कूल हैं। इनमें से 600 विद्यालय सीबीएसई संबद्ध हैं। शेष 6,200 विद्यालय छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल संबद्ध हैं। छग बोर्ड से संबंधित निजी स्कूलों में ही पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं स्कूल शिक्षा विभाग ले सकेगा। सीबीएसई स्कूल अपने छात्रों की परीक्षाएं पूर्ववत स्वयं ही लेंगे।

### इसलिए मिली...

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों के लिए आदेश जारी कर दिया था कि उनके लिए पांचवी-आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य होगा। इस कारण निजी स्कूलों को इस बार राहत नहीं मिल सकी। अब शासकीय और निजी दोनों ही विद्यालयों को एक समान प्रश्नपत्र बांटे जाएंगे और उनका एक समान मूल्यांकन हो सकेगा।



स्कूल एजुकेशन हर व्यक्ति के भविष्य के दिशा निर्धारण का आधार होता है। ऐसे में अगर हाई स्कूल स्तर से ही छात्र-छात्राएं अपने कॅरियर कांसेप्ट क्लीयर कर लें तो स्वर्णिम भविष्य के सपने को सच कर पाएंगे। 12वीं के बाद प्रत्येक संकाय के छात्र-छात्राओं के सामने कॅरियर ऑप्शन की भरमार है। इसमें डिग्री, जॉब ओरिएंटेड, एआई बेस्ड प्रोफेशनल कोर्सेस शामिल हैं। यह कहना है शिक्षाविद् और दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य डॉ. हितेश दीवान का। उन्होंने बताया कि 12वीं के बाद छात्रों को यह तय करना जरूरी है कि उनकी रुचि किस क्षेत्र में है और उनकी शैक्षणिक योग्यता उसके कॅरियर के अनुकूल है, की नहीं।

● बोर्ड एग्जाम के बाद स्टूडेंट्स के स्वर्णिम भविष्य को लेकर शिक्षाविदों व कॅरियर गुरुओं की राय

# हायर सेकेंडरी के बाद डिग्री, जॉब ओरिएंटेड, एआई बेस्ड प्रोफेशनल कोर्सेस से युवा भरेंगे कॅरियर की ऊंची उड़ान

**रायपुर।** किसी भी कॅरियर के चुनाव से पहले इन दोनों बातों को स्वंय के बुद्धि की कसौटी में कस लें। इसके बाद भी समझ न आए तो कॅरियर गुरु, अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन जरूर लेवें। वहीं, कुशालपुर हाई स्कूल के लेक्चरार शिव साहू का कहना है कि विदेशों में छात्रों का कॅरियर कांसेप्ट 9वीं कक्षा से क्लीयर हो जाता है। इसलिए, वे सहीं दिशा में सही ऊर्जा के साथ आगे बढ़ पाते हैं और अपने मनपसंद कॅरियर को हासिल कर लेते हैं। 12वीं आर्ट्स के बाद कॅरियर के शानदार विकल्प मौजूद हैं, जिनमें पारंपरिक पढ़ाई से लेकर क्रिएटिव फील्ड शामिल हैं। बोर्ड एग्जाम के बाद स्टूडेंट्स के सफल कॅरियर के दृष्टिकोण से सही कोर्सेस के चुनाव को लेकर शिक्षाविदों व कॅरियर गुरुओं से हरिभूमि की खास बातचीत इस प्रकार हैं।

## आर्ट्स संकाय वालों के लिए टॉप कॅरियर ऑप्शन

- बैचलर ऑफ आर्ट्स में बीए, बीए ऑनर्स इतिहास, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, मनोविज्ञान या समाजशास्त्र में स्नातक 3 साल का कोर्स।
- कानून 5 वर्षीय एकीकृत बीए एलएलबी कोर्स, जो क्लैट के माध्यम से किया जा सकता है।
- जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन बीजेएमसी से मीडिया, न्यूज चैनल और डिजिटल कंटेंट में कॅरियर के लिए बेहतरीन विकल्प।
- डिजाइनिंग, इंटीरियर, ग्राफिक्स में रुचि रखने वालों के लिए फैशन डिजाइनिंग में बीडीईएस या इंटीरियर डिजाइनिंग में 3-4 साल का कोर्स।
- बिजनेस और मैनेजमेंट में रुचि रखने वालों के लिए बीबीए, बीएमएस
- हॉस्पिटैलिटी उद्योग में कॅरियर के लिए बीएचएम का कोर्स।
- पेंटिंग, मूर्तिकला और संगीत, ग्राफिक्स के लिए बैचलर ऑफ फाइन आर्ट एक अच्छा कॅरियर विकल्प बनकर उभरा है।
- शिक्षण और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में एलिमेंट्री एजुकेशन में डिप्लोमा डीईएलएड या सोशल वर्क बीएसडब्लू कोर्स बेहतर रहेगा।



## मैथ्स संकाय के लिए बेस्ट कॅरियर ऑप्शन

- इंजीनियरिंग में कंप्यूटर साइंस, एआई, सिविल, मैकेनिकल जैसी ब्रांच में आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों से पढ़ाई कर अच्छी नौकरी पा सकते हैं।
- डेटा साइंस और एनालिटिक्स में डेटा एनालिस्ट, डेटा वैज्ञानिक के रूप में कॅरियर बनाने के लिए यह एक बहुत ही लोकप्रिय विकल्प है।
- आर्किटेक्चर और डिजाइन में बी.आर्क के माध्यम से आर्किटेक्ट बनकर शानदार कॅरियर बनाया जा सकता है।
- रक्षा के क्षेत्र में एनडीए के माध्यम से भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में अफसर बनने का मौका मिलता है।
- कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी में बीसीए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन या एथिकल हैकिंग के कोर्सेज तकनीकी क्षेत्र में कॅरियर बनाते हैं।
- वित्त और सांख्यिकी में बीमांकिक विज्ञान, बीएससी सांख्यिकी या फाइनेंस में भी अच्छे विकल्प हैं।
- बीएससी कोर्सेज में मैथ्स, फिजिक्स या कंप्यूटर साइंस में बीएससी कर रिसर्च या टीचिंग में जा सकते हैं।

## कॉमर्स संकाय के लिए कॅरियर ऑप्शन




- फाइनेंस और ऑडिटिंग में उच्च स्तरीय कॅरियर के लिए सबसे प्रतिष्ठित सीए कोर्स।
- कॉर्पोरेट कानून और प्रशासन के लिए सीएस कोर्स।
- कॉस्ट अकाउंटिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट के लिए सीएमसी कोर्स।
- डिग्री कोर्सेज में अकाउंटिंग, टैक्स और फाइनेंस में स्नातक की डिग्री।
- मैनेजमेंट, मार्केटिंग और बिजनेस के लिए बीबीए व बीएमएस कोर्स।
- कानून के क्षेत्र में बीकॉम एलएलबी, बीबीए एलएलबी इंटीग्रेटेड कोर्स।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का विकल्प

आर्ट्स के छात्र 12वीं के बाद सीधे एसएससी, सीएचएसएल, यूपीएससी, सीजीपीएससी, रेलवे और पुलिस परीक्षाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं। मैथ्स के छात्रों के लिए जेईई मेन्स, जेईई एडवांस, एनडीए, एनएसटीए जैसी प्रवेश परीक्षाएं महत्वपूर्ण हैं। जीव विज्ञान में मेडिकल और कॉमर्स के लिए विविध प्रतियोगी परीक्षाएं शामिल हैं।

### क्रिएटिव और नए जमाने के कॅरियर ऑप्शन

डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, फोटोग्राफी और वीडियो एडिटिंग के शॉर्ट-टर्म कोर्स। आप अपनी रुचि क्रिएटिव, प्रशासनिक या अकादमिक के अनुसार इन कोर्सेस का चयन कर सकते हैं। कॉमर्स के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट व इन्वेस्टमेंट बैंकर शेयर बाजार और फाइनेंस, डिजिटल मार्केटिंग डिजिटल मार्केटिंग, एक्चुरियल साइंस में इंश्योरेंस और रिस्क मैनेजमेंट, टैली, एक्सेल, डेटा एनालिटिक्स और एसएपी कोर्स।

## बायोलॉजी संकाय के लिए कॅरियर विकल्प

- मेडिकल और डेंटल में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस आयुर्वेद, बीएचएमएस होम्योपैथी, बीव्हीएससी एंड एएच कोर्स।
- पैरामेडिकल और एलाइड हेल्थ में बीएससी नर्सिंग कोर्स।
- फार्मा सेक्टर में बी-फार्मा, डी-फार्मा फार्मासिस्ट कोर्स ।
- फिजियोथेरेपिस्ट में बीपीटी कोर्स।
- पैथोलॉजी में बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी एमएलटी कोर्स।
- रेडियोलॉजी में रेडियोलॉजी व इमेजिंग टेक्नोलॉजी कोर्स।



- रिसर्च एंड साइंस में बीएससी बॉयो-टेक्नोलॉजी, बीएससी माइक्रोबॉयोलॉजी, बीएससी फॉरेंसिक साइंस, बीएसी जेनेटिक्स एवं जेनोमिक साइंस कोर्स।
- पर्यावरण और कृषि में बीएससी एग्रीकल्चर एवं हॉर्टिकल्चरिस्ट कोर्स, बीएसी इन्वॉयरमेंटल साइंस कोर्स।
- बैचलर ऑफ फीसरिस साइंस कोर्स।
- फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशियनिस्ट कोर्स ।

---

## सिटी इवेंट

# वर्तमान दौर में ज्ञान के साथ कौशल बेस्ड शिक्षा जरूरी



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास कॉलेज में यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को प्रमुख कंपनियों में रोजगार का अवसर दिलाने की मंशा से बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। प्रबंधन की पहल और आईसेक्ट के साथ एमओयू की कड़ी में मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने किया। विद्यार्थियों को विस्तृत कॅरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज का दौर ज्ञान के साथ-साथ कौशल-आधारित शिक्षा का है। इसलिए विद्यार्थियों में सीखने की इच्छा हमेशा होनी चाहिए। तकनीकी दक्षता बढ़ाने और बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को तैयार रखने की सलाह प्राचार्य ने दी। डॉ. मुखर्जी ने विभिन्न कॉलेज से आए छात्र -छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लेने तथा अपनी क्षमताओं को प्रभावी ढंग से पेश करने के लिए प्रेरित किया।



### मेले में सहभागिता निभाते हुए किया कौशल का प्रदर्शन

*उन्होंने कॉलेज परिवार की ओर से आश्वासन दिया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और बेहतर अवसर देने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। इस मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए, जिससे छात्रों को उत्कृष्ट रोजगार अवसर प्राप्त हुए। इसमें रायपुर, दुर्ग, भिलाई, महासमुंद सहित विभिन्न शहरों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर से कुल 500 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक संकायों से उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने बड़ी संख्या में साक्षात्कार प्रक्रिया में सहभागिता निभाते हुए कौशल का प्रदर्शन किया। इसमें न केवल छात्रों को रोजगार के अवसर मिले, बल्कि उनके कॅरियर को नई दिशा देने का कार्य भी किया। इससे विद्यार्थियों को आगामी अवसरों के लिए तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन मिला।*

# डीकार्बोनाइजेशन और ईएसजी से अब होगा औद्योगिक विकास

**रायपुर।** सतत एवं लो-कार्बन विकास को गति देने के उद्देश्य से सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) ने अब अमिटी विश्वविद्यालय ने संयुक्त रूप से 'फ्रॉम कंप्लायंस टू कंपेटिटिवनेसः इंडस्ट्रियल डीकार्बोनाइजेशन एंड ईएसजी इंटीग्रेशन' विषय पर एक राउंडटेबल डिस्कशन का आयोजन बुधवार को किया। इस डायलॉग में उद्योग प्रतिनिधियों, सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यमों, वित्तीय संस्थानों, शिक्षाविदों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लेकर छत्तीसगढ़ में इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन स्ट्रेटेजीज़ में एनवायरनमेंटल, सोशल एंड गवर्नेंस (ईएसजी) फ्रेमवर्क्स के प्रभावी इंटीग्रेशन पर चर्चा की। इसमें कुलपति प्रो. पीयूष कांत पांडेय ने कहा, 'ईएसजी अब केवल कॉरपोरेट डिस्क्लोज़र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गवर्नेंस फ्रेमवर्क के रूप में उभर रहा है।




### मार्केट रेडीनेस को मजबूत करने के लिए जरूरी

उद्योग जगत की ओर से विचार साझा करते हुए संदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि इंडस्ट्रियल डीकार्बोनाइजेशन निवेश प्रवाह और सप्लाई-चेन कंपेटिटिवनेस को सीधे प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्रेडिबल मेजरमेंट और रिपोर्टिंग सिस्टम सस्टेनेबल फाइनेंस तक अब पहुंच सुनिश्चित करने और मार्केट रेडीनेस को मजबूत करने के लिए जरूरी है। विशेषकर ऐसे समय में जब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सस्टेनेबिलिटी अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। अश्वनी अशोक ने कहा, 'इंडस्ट्रियल डीकार्बोनाइजेशन मूल रूप से मार्केट्स, फाइनेंस और रेगुलेटरी सिस्टम्स में हो रहे स्ट्रक्चरल शिफ्ट्स का पूर्वानुमान लगाने से जुड़ा है। यह लॉन्ग-टर्म मार्केट एक्सेस सुरक्षित करने, कैपिटल आकर्षित करने और इंस्टीट्यूशनल रेज़िलिएंस को मजबूत करने का विषय है।' यह जानकारी केशव शर्मा ने दी।

# डाइट के छात्राध्यापकों ने ग्रामीण क्षेत्र में समूह के साथ किया काम

**रायपुर।** सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के छात्राध्यापकों एवं अकादमिक सदस्यों ने ग्राम किरदुल में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गांव की स्थिति सुधारने का दायित्व निभाया। बुधवार को साफ-सफाई, साक्षरता एवं नशा मुक्ति पर चर्चा करने के साथ छात्राध्यापकों ने गांव के चौराहों की सफाई करके ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति अभिप्रेरित किया। साथ ही साक्षरता के प्रति जागरूक करते हुए आगामी आयोजित उल्लास परीक्षा की जानकारी देते हुए गांव में रैली निकाली। साथ ही स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गांव के लोगों ने भी सहयोग की भावना से सहभागिता निभाते हुए प्रयास को सफल बनाया।



### हर वर्ग के लोगों संग डाइट ने किया आयोजन

इस आयोजन में गांव की सरपंच तिलेश्वरी धुरंधर एवं सोमन धनकर सहित सभी ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम डाइट रायपुर के प्राचार्य जुगल किशोर अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें डाइट के अकादमिक सदस्य एम.आर. साहू, अजय मिश्रा के साथ ही पीएल टण्डन, लीना नेमपांड, नीरजा सातपुते सहित कार्यक्रम प्रभारी सुमिता सिकरवार का सहयोग रहा। गांव में जागरुकता के लिए किए गए आयोजन में हर वर्ग के लोगों की मौजूदगी ने किए गए प्रयास को सार्थक बनाया।

## शहर में सजा होली का बाजार, व्यापारियों और ग्राहकों में उत्साह का माहौल

कार्नर न्यूज

# म्यूजिकल पिचकारी और मुखौटे बच्चों की पहली पसंद, बाजार में जुटने लगी ग्राहकों की भीड़






**रायपुर।** होली नजदीक आते ही राजधानी के बाजारों में डिजाइनर पिचकारियों और हर्बल गुलाल की मांग बढ़ गई है। पारंपरिक और अनोखी पिचकारियां विभिन्न आकारों में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही मुखौटों, होली गॉगल्स और कस्टमाइज्ड हैम्पर की भी खरीदारी जोर-शोर से हो रही है। बुधवार को शहर के गोलबाजार में सजी रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। बाजार में रंगों व पिचकारी के व्यापारी ने बताया कि होली के सामानों की खरीदारी में तेजी आई है। ग्राहक नए डिजाइनर, कार्टून प्रिंटेड म्यूजिकल पिचकारी, अब्रेला पिचकारी, वाटर गन, मार्सल गन आदि तरह-तरह की पिचकारी बच्चों व बड़ों की पंसद बनी हुई है। इसके अलावा बाजार में पिचकारियों की नई-नई डिज़ाइन ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। कार्टून कैरेक्टर, टैंक मॉडल, प्रेशर गन, बैकपैक स्टाइल और एलईडी लाइट वाली पिचकारियां बच्चों के बीच खासा लोकप्रिय हैं। पिचकारियों की कीमत 20 रुपए से लेकर 800 रुपए तक हैं। इसके अलावा हर्बल गुलाल, आर्गेनिक रंग, फूलों की पंखुड़ियों से बने प्राकृतिक रंग, रंगीन गुब्बारे, स्प्रे कलर, होली स्पेशल टी-शर्ट, टोपी और मुखौटे भी बाजार में उपलब्ध हैं।

### 25 से 30 प्रतिशत अधिक माल मंगाया

वहीं, हर्बल गुलाल और होली से संबंधित सामान की बिक्री में तेजी आई है। व्यापारियों के अनुसार इस वर्ष पिछले साल की तुलना में लगभग 25 से 30 प्रतिशत अधिक माल मंगाया गया है और पहले सप्ताह में ही 40 प्रतिशत तक की खपत हो चुकी है। स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन से स्थानीय निर्माताओं को फिर से अवसर मिला है। होली तक बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है, जिससे बाजार पूरी तरह गुलजार रहेगा।

### अच्छी आमदनी की उम्मीद

त्योहारी सीजन में होली से जुड़ा कारोबार लगभग 10-15 दिनों में होता है, जिसमें अंतिम 3-4 दिन सबसे अधिक बिक्री होती है। यदि शहर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र और थोक मंडी की सप्लाई को जोड़ दिया जाए तो आंकड़ा करोड़ों रुपए में पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है।

## एग्जाम लाइव

# परीक्षार्थी ने माशिम के हेल्पलाइन में पूछा, उत्तर पुस्तिका में ब्लैक पेन से लिखा है, नंबर कटेगा तो नहीं



**रायपुर।** बुधवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के हेल्पलाइन नंबर पर बोर्ड परीक्षार्थियों ने थोक में कॉल किए। सुबह 10 बजे से 5 बजे तक परीक्षार्थी द्वारा विषयगत समस्याओं का समाधान पाने हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 18002334363 में कॉल किए गए। इसमें परीक्षार्थियों ने विशेषज्ञों से जाना कि उत्तर पुस्तिका में ब्लैक पेन से लिखा है, नम्बर कटेगा तो नहीं? सामाजिक विज्ञान में भी नए ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पूछे जाएंगे क्या? आंतरिक विकल्प के प्रश्न क्या उसी चैप्टर से आएंगे? क्या बड़े प्रश्न को पहले बनाना चाहिए? इन सभी प्रश्नों का समाधान विषय विशेषज्ञों द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। परीक्षार्थी के अलावा पालकों का भी शंका समाधान किया गया। कक्षा 10वीं सामाजिक विज्ञान के विषय विशेषज्ञ राजकुमार गेण्ड्रे, श्रद्धा तिवारी, तपस्विनी होता, डॉ. प्रदीप कुमार साहू व अल्का जैन ने परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान किया गया। हेल्पलाइन का संचालन उपसचिव डॉ. बीरघु के मार्गदर्शन और डॉ. प्रदीप कुमार साहू के समन्वय से किया गया।

### 5 फरवरी से लगातार संचालित हो रही हेल्पलाइन

परीक्षार्थियों के 740 कॉल प्राप्त हुए एवं समाधान किया गया। बता दें कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के 1 दिवस पूर्व से हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू के निर्देशन में 5 फरवरी से संचालित किया जा रहा है।

## समाज लाइव

# सर्व क्षत्रिय राजपूत समाज ने किया स्नेह मिलन समारोह



रायपुर। सरोना स्थित ठाकुर विघ्नहरण सिंह भवन में सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ द्वारा महासंघ गठन की घोषणा एवं कार्यकारिणी की पहल पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महासंघ के कोषाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ में क्षत्रिय राजपूतों के पृथक-पृथक कुल 19 संगठन हैं, उन सभी संगठनों के लिखित सहमति के उपरांत सर्व क्षत्रियों को संगठित करने की मंशा से सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ का गठन किया गया है। संगठन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को प्रधान संरक्षक बनाया गया है। स्नेह मिलन का शुभारंभ प्रभु श्री रामचंद्र एवं महाराणा प्रताप की पूजा एवं माल्यार्पण से किया गया। इसकी अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष जेके सिंह ने की। इसके बाद की गई बैठक में महासंघ के विभिन्न घटक दलों में से कुल 16 खाप, संगठनों के 135 की उपस्थिति थी।

### निर्वाचन की पात्रता महासंघ द्वारा घोषित

इसमें महिलाओं की सहभागिता भी रही। इनके प्रयास से महासंघ के पंजीयन, सदस्यता सहित सभी तरह की गतिविधियों को पूरा किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि महासंघ में सम्मिलित सभी 19 घटक दलों के संपूर्ण सदस्य महासंघ के सदस्य होंगे। इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त शुल्क भुगतान की आवश्यकता नहीं होगी, किंतु निर्वाचन की पात्रता महासंघ द्वारा घोषित तीन श्रेणियों में से किसी भी एक श्रेणी की सदस्यता धारण करने पर ही प्राप्त होगी। जैसे कई नियमों की जानकारी सदस्यों को दी गई। इस आयोजन में हर वर्ग के लोगों की सहभागिता रही।

## सिटी लाइव

# छत्तीसगढ़ कराटे टीम ऑल इंडिया कियों नेशनल टूर्नामेंट में लेगी हिस्सा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन की टीम 26 फरवरी को ऑल इंडिया कियों नेशनल कराटे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के लिए रवाना होगी। यह राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 30 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टीम के साथ छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अमल तालुकदार, वर्किंग प्रेसिडेंट ब्रह्मया नायडू और कोच डी. रमेश, अमर और मुरली भारद्वाज भी दिल्ली जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ी तैयारी की है और उनसे उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करेंगे।

● रंगों के महापर्व को आयोजन का रूप देने के लिए सजने वाले स्टेज पर अब भी मुख मुरली बजाय..से सजता है उत्सव

# फागोत्सव के मंचों पर अब भी धूम मचाते हैं पारंपरिक होली गीत, नगाड़ों के साथ ही नए वाद्ययंत्रों का चलन

'तीज-त्योहारों से जुड़ी परंपराओं का चलन गलियों और बस्तियों के चबूतरों से भले ही गायब हो रहे हैं, परंतु उसके जगह अब फागोत्सव के लिए भव्य मंच सजने लगे हैं। फाग गीतों का गायन करने वाले लोक कलाकारों का मत है कि 'मुख मुरली बजाय.., होरी गीत अउ नगाड़ा तासा के सजे बजार हे, नर-नारी, लइका-बुढ़वा माने बर तैयार हे...' जैसे गीत अब भी फागोत्सव में धूम मचाते हैं। लोगों ने उत्सव मनाने का तरीका न केवल बदला है, बल्कि उसे भव्य स्वरूप देना शुरू किया है। फागोत्सव को सजाने के लिए पारंपरिक गीतों को ही पसंद किया जाता है। अब नगाड़े के साथ आधुनिक वाद्ययंत्रों का भी चलन तेजी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए तैयारी शुरू की गई है।'

**रायपुर।** लोक गायक डॉ. सुरेश ठाकुर बताते हैं कि बढ़ते शहरी परिवेश ने कई पुरानी परंपराओं को खत्म तो नहीं किया, लेकिन उसका प्रभाव कम देखने को मिलने लगा है। अच्छी बात यह है कि अलग-अलग पॉश कॉलोनियों, सामाजिक संस्थाओं के साथ युवाओं और महिलाओं के ग्रुप भी बड़े स्तर पर फागोत्सव का आयोजन करने लगे हैं। इनमें स्थानीय लोगों की सहभागिता होने से पारंपरिक गीतों की डिमांड कायम है। फागुन के नए गीतों से ज्यादा पुराने गीतों को रोचक अंदाज से पेश किया जाने लगा है। अब भी फागोत्सव को जय सियाराम राधे राधे चारो कोती फागुन में स्वागत.., ये होरी तिहार हे रं- रंग होरी.., नगाड़ा तासा के सजे बजार हे नर-नारी, लइका- बुढ़वा माने बर तैयार हे..., जैसे गीतों का चलन कायम है। इसे हर वर्ग के लोगों द्वारा आधुनिक दौर में भी पसंद किया जाता है।



### गीतों की श्रृंखला पहले के आयोजनों से बेहतर

लोक कलाकार अरुण यादव ने बताया कि पहले गली-मोहल्ले में होने वाले आयोजनों में नगाड़ा, तासा, टिमटिमी, ढोलक, झांझ, मंजीरा के साथ हारमोनियम का इस्तेमाल किया जाता था। अब इन वाद्ययंत्रों के अलावा इलेट्रिक आर्गन, आक्टोपेड प्रमुखता से शामिल किया जाने लगा है। इससे पुराने पारंपरिक गीतों की श्रृंखला पहले होने वाले आयोजनों से बेहतर होने लगे हैं। उत्सव के लिए स्टेज को भी अब आकर्षक स्वरूप दिया जाने लगा है। इसके लिए लोग बुकिंग भी करवाते हैं। इसके अलावा अलग-अलग स्तर पर प्रतियोगिताओं का दौर भी कलाकारों को नए अवसर से जोड़ता है। इससे युवा कलाकार भी घरों में फैक्टिस में साजो-सामान के साथ शामिल होने लगे हैं।





### पारंपरिक गीतों पर अब भी लोग उड़ाते हैं गुलाल

वरिष्ठ लोक कलाकार श्री यादव ने बताया कि संस्कृति विभाग के माध्यम से मिलने वाले आयोजनों के अलावा पारंपरिक प्रतियोगिताओं में भी 'तन मन रंग जाए, फागुन के मस्त महीना..., दे दे बोलउवा राधे को नगर में..., मुख मुरली बजाय..., ये नैना सलोना रे राम के नैना ...' जैसे गीतों की डिमांड अब भी आयोजकों की ओर से की जाती है। इसके अलावा 'नटवर नंदलाल खेलथे फाग बिरिज मे...' जैसे गीतों पर आज के दौर में भी फागोत्सव में धूम मचती है। लोग इन गीतों को सुनना पसंद करते हैं। इससे पारंपरिक गीतों का चलन आधुनिक दौर में भी कायम है। बड़े होटलों में बाहर से आने वाले कलाकार भले ही फिल्मी गीतों को पेश करते हैं, लेकिन पारंपरिक गायकी में पुराने गीतों की मिठास कायम है।

### थीम बेस्ड प्रस्तुतियों से उत्सव को जोड़ने की तैयारी

- होलिका दहन से एक दिन पहले यानी एक और दो मार्च को पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया ट्रस्ट द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन की तैयारी शुरू की गई है। कलाकारों ने इसमें खुद को बेहतर साबित करने के लिए तैयारी भी शुरू की है। इस फागोत्सव में शिरकत करने के लिए राजधानी के अलावा अलग-अलग क्षेत्र से फाग गीतों का गायन करने वाले कलाकारों की टोलियां दस्तक देती हैं।
- सुहिणी सोच संस्था द्वारा होली का रंगारंग आयोजन 27 फरवरी को होटल किंग्सवे में किया जाएगा। बरसाने की होली का हिस्सा बनने एंट्री पासेस द्वारा दी जाएगी। अभी भी महिलाओं में सुहिणी सोच के बरसाने की होली में जुड़ने का जबरदस्त उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। फाउंडर मनीषा तारवानी और अध्यक्ष पल्लवी चिमनानी ने यह जानकारी दी।
- इसी तरह रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस द्वारा 28 फरवरी को होली कॉर्निवॉल का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को एक संस्था के साथ मिलकर वीआईपी रोड स्थित एक होटल में किया जाएगा। इसमें लोगों को गीत-संगीत के साथ होली उत्सव सेलिब्रेट करने का अवसर दिया जाएगा। गेम्स के माध्यम से इनाम जीतने का भी अवसर मिलेगा।

# कम्प्यूटेशनल मटेरियल, नैनोमटेरियल नवाचार पर विशेषज्ञों ने प्रजेंट किए शोधपत्र

## छत्तीसगढ़ कॉलेज में रूसा 2.0 साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** संचालन उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से छत्तीसगढ़ कॉलेज में रूसा 2.0 साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 23 से 28 फरवरी तक किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शोध एवं नवाचार की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हो रहा है। बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता ने प्रशिक्षण की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि कम्प्यूटर आधारित अनुसंधान पद्धतियां वर्तमान समय में मटेरियल साइंस एवं नैनोमटेरियल अध्ययन का अभिन्न अंग बन चुकी है। आयोजन समिति सदस्य डॉ. गोवर्धन व्यास ने बताया कि कम्प्यूटर आधारित मटेरियल, नैनोमटेरियल नवाचार विषय पर केंद्रित इस प्रशिक्षण में रायपुर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के विज्ञान संकाय के प्राध्यापक सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। तृतीय दिवस के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कुसुमांजली देशमुख (शासकीय वीवाईटी महाविद्यालय दुर्ग) उपस्थित रहीं। उनका व्याख्यान अत्यंत विस्तृत, शोधपरक एवं विश्लेषणात्मक रहा। उन्होंने सर्वप्रथम एनीमेशन, सिमुलेशन तथा मॉडल प्रस्तुतीकरण के बीच के मूलभूत अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि किस प्रकार ये तीनों उपकरण वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझाने एवं जटिल प्रक्रियाओं के विश्लेषण में सहायक होते हैं। उन्होंने वैश्विक स्तर पर तकनीकी विकास के प्रभाव को विभिन्न वैज्ञानिक मानचित्रों एवं डेटा विजुअलाइजेशन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया।



### व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया

*द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. मोहन एल. वर्मा (शंकरा टेक्निकल कैंपस, भिलाई) द्वारा कम्प्यूटेशनल तकनीकों की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। इसके पश्चात आयोजित हंड्स-ऑन सत्र में डॉ. मोहन एल वर्मा एवं डॉ. रश्मि किरण टोप्पो ने लिनक्स एवं उबंटू प्लेटफॉर्म पर सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, कमांड संचालन एवं डेटा विश्लेषण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के सह-समन्वयक डॉ. अखिलेश जाधव ने आगामी सत्रों की रूपरेखा साझा की। वहीं, आयोजन समिति सदस्य डॉ. लखपति पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण में सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों आयामों को समान रूप से महत्व दिया गया है। समग्र रूप से तृतीय दिवस का आयोजन ज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार के दृष्टिकोण से अत्यंत सफल एवं प्रेरणास्पद रहा।*

# स्टूडेंट्स ने जाने एआई टूल्स के उपयोग, हर क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बन रही जरूरत

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय व्याख्यानमाला एवं टेक फेस्ट का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन कंप्यूटर साइंस एवं आईटी द्वारा किया गया। बुधवार को व्याख्यानमाला एवं टेक फेस्ट के तृतीय दिवस का कार्यक्रम दोपहर में प्रारंभ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में दीपक सिंह सहायक प्राध्यापक एनआईटी रायपुर एवं चैतन्य परमार एसईसीएल पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शामिल हुए। दीपक सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्ष-2025 के लिए विश्व आर्थिक मंच द्वारा बताए गए शीर्ष 10 कौशलों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि वर्तमान समय में तकनीकी दक्षता, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं नवाचार क्यों आवश्यक हैं। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में उपयोगी एआई टूल्स की जानकारी देते हुए बताया कि दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कॉपीराइट अधिनियम एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नैतिक एवं जिम्मेदार तकनीकी उपयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ डीन डॉ. संजय कुमार द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. वीके पटले सहित स्टूडेंट्स की उपस्थिति रही।



### एआई आधारित रोबोटिक्स का उपयोग सुरक्षित

रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय व्याख्यानमाला एवं टेक फेस्ट का आयोजन

चैतन्य परमार ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र की खदानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एआई आधारित रोबोटिक्स के उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा एवं कार्यक्षमता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री की उस पहल का उल्लेख किया, जिसमें युवाओं को केवल तकनीक का उपयोगकर्ता नहीं, बल्कि नई तकनीक का सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया गया है।

### स्टूडेंट्स के लिए क्विंज प्रतियोगिता

कार्यक्रम के अंत में विभाग में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह व्याख्यानमाला एवं टेक फेस्ट विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं कौशल विकास के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के साथ संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया।

कार्नर न्यूज

महिलाएं बाजारों और शापिंग मॉल में तलाश रही पसंदीदा एक्ट्रेस जैसा लुक पाने उनकी ड्रेस और ज्वेलरी इसलिए बदला ट्रेंड

# एक्ट्रेस के डिजाइनर्स ड्रेस और ज्वेलरी का महिलाओं में बढ़ा क्रेज, नए अवतार के लिए बदल रही हैं फैशन

**रायपुर।** महिलाओं में अब फैशन का ट्रेंड केवल मेट्रो सिटी तक सीमित नहीं रहा है। समय के साथ फैशन के नए ट्रेंड को फॉलो करने लगी हैं। बड़े आयोजनों ही नहीं, बल्कि फैशन शो और रिल्स बनाने का क्रेज भी बढ़ा है। इससे भी महिलाओं का एक बड़ा वर्ग जुड़ा है, जो फिल्मों और टीवी शो के किरदारों के पहनावे की कॉपी करती हैं। इसे खुद को बेहतर लाइफ स्टाइल से जोड़ने के लिए भी महिलाएं अपनाना पसंद कर रही हैं। एक्ट्रेस की तरह खुद के फैशन सेंस में भी बदलाव करने लगी हैं। इससे शहर के बाजारों में भी न्यू ट्रेंडी लुक के आउट फिट्स की मांग बढ़ने लगी है। महिलाएं डिजाइनर ड्रेस या ज्वेलरी मनपसंद अंदाज में कस्टमाइज कराना पसंद कर रही हैं। अब नए अवतार में प्रजेंट करने तैयारी भी करती हैं। ट्रेंडी और स्टाइलिश आउट फिट्स को प्राथमिकता भी दे रही हैं।



### स्टाइलिस्ट नेकलेस और इयररिंग का क्रेज

*दुकान संचालक सौम्या ने बताया कि उनकी दुकान में हैंडमेड ज्वेलरी और एसेसरीज कस्टमाइज की जाती हैं। इन दिनों लोग अनुपमा, बिग बॉस और सोशल मीडिया पर वायरल डिजाइन के एसेसरीज पसंद कर रहे हैं। वे अनुपमा सीरियल में दिखाए गए कौड़ियों वाले नेकलेस, इयररिंग और माथाटीका के पूरे सेट को कस्टमाइज करा रहे हैं। वहीं, बिग बॉस शो के कंटेस्टेंट्स द्वारा पहनी गई मोतियों की इयररिंग की भी खास डिमांड है। इन ज्वेलरी सेट्स में खासतौर पर हाथ की कारीगरी और पारंपरिक लुक का मॉडर्न टच देखने को मिल रहा है, जो युवाओं और महिलाओं को खासा आकर्षित कर रहा है।*



### ट्रेंडी आउटफिट्स की अब बढ़ रही है डिमांड

महिलाएं और युवतियां अब फिल्मों और सोशल मीडिया से प्रेरित होकर न्यू ट्रेंडी लुक को अपनाने लगी हैं। बुटिक संचालिका कुनिका साहू ने बताया कि सैयारा फिल्म और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक्ट्रेस के डिजाइनर लुक्स को देखते हुए लोग अब उसी अंदाज में कस्टमाइज आउटफिट्स की डिमांड कर रहे हैं। इस डिमांड में खास तौर पर डिजाइनर ब्लाउज, बैकलेस टॉप और मॉडर्न गाउन शामिल हैं, जिन्हें खास अवसरों के लिए कस्टमाइज किया जा रहा है। कस्टमर्स अब पारंपरिक कपड़ों में भी मॉडर्न टच चाहते हैं, जिससे फैशन के बाजार में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को हराया



**भिलाई।** महिला अंडर-23 एक्स्पोज़र मुकाबले में तीन मैच की श्रृंखला जारी है। यहां दूसरे मैच में ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से पराजित किया। बल्लेबाजी छत्तीसगढ़ टीम 160 रन पर आउट हुई। जिसमें मिताली शर्मा ने 71 रन, मांनश्री मौर्य ने 18 रन, आंशी अग्रवाल ने 16 रन और यति शर्मा ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में ओडिसा की लॉरेंस ने तीन विकेट, ज्योति प्रसाद , प्रार्थना, सुष्मिता, पूजा दास एवं एम शर्मा ने एक-एक विकेट लिए। दो खिलाड़ी रन आउट हुए। बल्लेबाजी में ओडिशा के एक विकेट पर 161 रन हुए। इनमें सुलगना नायक ने नॉट आउट 88 रन, डी राउत राय ने नॉट आउट 50 रन और पूजा दास ने 22 रन बनाएं। गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ की शांति बघेल ने एक विकेट लिया।

### एलिट ग्रुप के दूसरे दौर के मैच आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप 4 दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के मैच 26 फरवरी से 1 मार्च तक चलेंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में प्लेट कंबाइंड विरुद्ध बिलासपुर, दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में बीएसपी विरुद्ध जांजगीर चांपा, आरडीसीए रायपुर में सरगुजा विरुद्ध राजनंदगांव और न्यू ग्राउंड कांकेर में बिलासपुर ब्लू विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मैच खेले जाएंगे।

### इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी में सीएससीएस से 2 खिलाड़ी तथा ट्रेनर का चयन



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा 5 मार्च से बैंगलोर में सीनीयर वुमेंस इंटर जोनल वनडे ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में नार्थ, साउथ, सेन्ट्रल, नार्थ इस्ट, वेस्ट तथा ईस्ट जोन की टीम हिस्सा ले रहीं है। जिनमें संपूर्ण भारत के चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगें। बीसीसीआई द्वारा सेन्ट्रल जोन की टीम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से 3 सदस्यों का चयन किया गया है। चयनित सदस्य में कृति गुप्ता, महक नरवसे खिलाड़ी और शिवा कोठारी ट्रेनर शामिल हैं। उक्त खिलाड़ी तथा सहायक स्टॉफ प्रतियोगिता में सेन्ट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करेगें। सेन्ट्रल जोन के मैच में 5 मार्च विरुद्ध ईस्ट जोन,7 मार्च विरुद्ध साउथ जोन, 9 मार्च विरुद्ध नार्थ ईस्ट जोन,11 मार्च विरुद्ध नार्थ जोन, 13 मार्च विरुद्ध वेस्ट जोन होंगे।

### शुभम और मयंक बने किकबॉक्सिंग के मैच रेफरी



**रायपुर।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ीयो के विकास हेतु खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अलग अलग स्तर पर प्रतियोगिताओ का आयोजन कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुद्वान ने बताया कि खेलो इंडिया मुहिम के तहत वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में अस्मिता खेलो इंडिया ईस्ट जोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 29 फरवरी तक सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। जिसमें ईस्ट जोन से पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मणिपुर, नागालैंड , झारखंड एवं अरुणाचल प्रदेश की टीम भाग लेगी। उक्त प्रतियोगिता को संपादित करने हेतु वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से क्वालीफाइड रेफरी का चयन किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के कोरबा के सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी से शुभम यादव एवं मयंक डड़सेना का चयन हुआ है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा, संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक खेल प्रभारी आर के साहू, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष बलराम विश्वकर्म ने हर्ष जताया है।

# अपनी इम्यूनिटी बढ़ाना गलत नहीं लेकिन सावधान रहें इन आदतों से

आज के व्यस्त जीवन में हर कोई स्वस्थ और रोगमुक्त रहने की चाहत रखता है। इसके लिए इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी है। हम अक्सर अपनी इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए कई तरह के घरेलू उपाय, सप्लीमेंट्स और डाइट प्लान अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें और आदतें, जिन्हें हम सेहतमंद मानते हैं, वास्तव में हमारी इम्यूनिटी को कमजोर कर सकती हैं?

आइए जानते हैं उन सामान्य आदतों और खाद्य पदार्थों के बारे में, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर बना सकते हैं, और यह भी समझें कि उनसे कैसे बचा जा सकता है।

## अधिक मात्रा में जिंक का सेवन – फायदेमंद या नुकसानदायक?

कोविड-19 महामारी के बाद जिंक सप्लीमेंट्स का उपयोग अचानक बढ़ गया। इसे इम्यूनिटी बूस्टर माना गया, और लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने लगे। लेकिन न्यूट्रिशनिस्ट रिद्धि खन्ना के अनुसार, जिंक की अधिक मात्रा हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

जिंक के अत्यधिक सेवन से शरीर में आयरन और कॉपर जैसे



महत्वपूर्ण मिनरल्स का अबशॉर्पशन (अवशोषण) प्रभावित होता है। खासकर कॉपर, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, की कमी हो सकती है। इसीलिए, बिना डॉक्टर या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह के जिंक सप्लीमेंट्स लेने से बचें। अगर जरूरी हो, तो इसकी मात्रा सीमित रखें।

## हेल्दी फैट्स की अनदेखी



फैट्स का नाम सुनते ही हम अक्सर इसे अपने डाइट से निकालने की सोचने लगते हैं, खासकर जंक फूड और अधिक तैलीय खाने के इस दौर में। लेकिन सभी फैट्स खराब नहीं होते। वास्तव में, कुछ हेल्दी फैट्स हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।

सैचुरेटेड फैट्स (जैतून का तेल, एवोकाडो और कुछ मेवे) और पॉलीसैचुरेटेड फैट्स (मछली, चिया बीज, अखरोट) में पाए जाने वाले ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं। इसलिए, पूरी तरह से फैट्स को नजरअंदाज करने की बजाय, हेल्दी फैट्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

## फलों और सब्जियों को जरूरत से ज्यादा धोना

फलों और सब्जियों को धोकर खाना एक अच्छी आदत है, लेकिन जरूरत से ज्यादा धोना या उन्हें रगड़कर उनकी बाहरी परत को हटा देना भी नुकसानदेह हो सकता है। ऐसा करने से उनमें मौजूद जरूरी पोषक तत्व और प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स कम हो सकते हैं। इसीलिए, फलों और सब्जियों को हल्के गुनगुने पानी से धोएं और



सीधे उपयोग करें। जरूरत से ज्यादा साफ-सफाई से बचें।

## अत्यधिक व्यायाम – लिमिट का रखें ध्यान

वजन कम करने या फिट रहने की चाह में कई बार हम जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने लगते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, ओवरएक्सरसाइजिंग शरीर पर दबाव डालती है और इम्यून सिस्टम को कमजोर करती है।

संतुलित व्यायाम ही इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक होता है। सप्ताह में 4-5 दिन, 30-40 मिनट तक मध्यम व्यायाम करना पर्याप्त है। इसके साथ ही शरीर को पर्याप्त आराम दें।

## जरूरत से ज्यादा सप्लीमेंट्स का सेवन

आजकल बाजार में इम्यूनिटी बूस्टर के नाम पर ढेरों सप्लीमेंट्स उपलब्ध हैं। लोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के इन्हें खरीदकर उपयोग करने लगते हैं। लेकिन अधिक मात्रा में सप्लीमेंट्स लेने से शरीर में मिनरल्स और विटामिन्स का असंतुलन हो सकता है।



# जिंदगी बचा सकता है सीपीआर, पीड़ित पर इसे देने से पहले जरूर परख लें

कार्डियक अरेस्ट के तुरंत बाद कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दी जाती है। यह एक आपातकालीन जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। सीपीआर देना जीवन रक्षक साबित हो सकता है। मगर सीपीआर देने से पहले मरीज में कुछ चीजों का जांच करना बहुत जरूरी होता है, जिससे ये कंफर्म किया जा सके कि मरीज को सीपीआर की जरूरत है भी या नहीं। सीपीआर एक जीवनरक्षक आपातकालीन प्रक्रिया है जो हृदय गति रुकने पर शरीर में ब्लड सर्कुलेशन और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखने में मदद कर सकती है। सही समय पर दी गई सीपीआर अस्पताल पहुंचने से पहले मरीज के जीवित बचने की संभावना को कई गुना बढ़ा सकती है। डॉ. सुरभि छाबड़ा ने जीवन रक्षक तकनीक 'सीपीआर' के बारे में एक बड़ा और जरूरी सुझाव दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सीपीआर देने से पहले यह सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है कि मरीज को वास्तव में इसकी आवश्यकता है भी या नहीं।



अक्सर घबराहट में लोग बेहोश पड़े हर व्यक्ति को सीपीआर देना शुरू कर देते हैं, जो कि डॉ. सुरभि के अनुसार मरीज के लिए नुकसानदायक भी साबित हो सकता है। डॉ. छाबड़ा ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को सीपीआर देने से पहले 'एबीसी' फॉर्मूले की जांच करना जरूरी है। यह तीन चरणों वाली प्रक्रिया बताने में मदद करती है कि क्या व्यक्ति का दिल या सांस वास्तव में रुक गई है। सही पहचान के बिना दी गई चेस्ट कंप्रेशन (छाती दबाना) मरीज की पसलियों या आंतरिक अंगों को चोट पहुंचा सकती है।

## 'ए' यानी एयरवे

डॉ. सुरभि के अनुसार, एबीसी फॉर्मूले में सबसे पहला चरण 'ए' यानी एयरवे की जांच करना है। जब कोई व्यक्ति अचानक गिर जाए या बेहोश हो जाए, तो सबसे पहले यह देखें कि उसका वायु मार्ग खुला है या नहीं। कई बार गले में कुछ फंसने या जीब के पीछे की ओर गिरने के कारण सांस का रास्ता रुक जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज का सिर थोड़ा पीछे झुकाएं और उसकी ठुड्डी को ऊपर उठाएं। यह क्रिया सांस की नली को सीधा करने और हवा के प्रवाह के लिए रास्ता साफ करने में मदद करती है। अगर वायु मार्ग अवरुद्ध है, तो सीपीआर देने का कोई लाभ नहीं होगा क्योंकि ऑक्सीजन फेफड़ों तक पहुंच ही नहीं पाएगी।

## 'बी' यानी ब्रिदिंग

एबीसी प्रक्रिया का दूसरा महत्वपूर्ण चरण 'बी' यानी ब्रिदिंग है। डॉ. छाबड़ा ने सुझाव दिया कि मरीज के पास अपना कान ले जाएं और उसकी सांसों की आवाज सुनने की कोशिश करें। साथ ही अपनी नजरें मरीज की छाती पर रखें और देखें कि क्या वह ऊपर-नीचे हो रही है। अगर व्यक्ति सामान्य रूप से सांस ले रहा है, तो उसे सीपीआर की आवश्यकता नहीं होती है। अक्सर लोग सामान्य बेहोशी या 'मिर्गी' के दौरे में भी सीपीआर देने लगते हैं, जो गलत है।



# जले हुए पैन को चमका सकती है प्याज की यह ट्रिक



जला बर्तन साफ करने में खूब मेहनत लगती है। लेकिन, क्या आप जानती हैं प्याज की एक ट्रिक से जला पैन साफ किया जा सकता है? अगर नहीं, तो आइए यहां डिटेल से इस बारे में जानते हैं।

चाइनीज या तली-भुनी चीजें बनाते समय पैन या बर्तन का जलना आम समस्या है। जलने की वजह से पैन या बर्तन की सतह पर कालापन आ जाता है। इससे पैन या बर्तन की केवल खूबसूरती ही नहीं खराब होती है, बल्कि अगली बार खाना पकाने पर स्वाद भी बिगड़ सकता है। ऐसे में जले पैन या बर्तन की सफाई करना जरूरी हो जाता है। जले पैन या बर्तन की सफाई करना एक मुश्किल काम हो सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई बार घिसने पर भी जले पैन या बर्तन की सफाई नहीं हो पाती है। ऐसे में प्याज आपकी मदद कर सकता है। जी हां, प्याज में ऐसे एसिडिक और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बर्तन के कालेपन और जले निशानों को हटाने में मदद कर सकते हैं। आइए, यहां जानते हैं कि प्याज से किस तरह जला बर्तन या पैन साफ किया जा सकता है।

## प्याज की इस ट्रिक से क्लीन कर सकती हैं जला पैन

जले बर्तन की सफाई और प्याज में क्या कनेक्शन है, यह सोचकर अगर आप कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपना जला पैन साफ करना चाहती हैं, तो सबसे पहले एक प्याज लें और उसके छिलके निकाल लें। प्याज छिलने के बाद उसे बारीक या मोटा अपनी पसंद से काट लें। अब जला पैन या बर्तन में पानी डाल दें और गैस पर गर्म होने के लिए छोड़ दें। गर्म पानी में प्याज के कटे टुकड़े और कुछ छिलकों को डाल दें। प्याज डालने के बाद आप चाहें तो एक से दो चम्मच व्हाइट विनेगर भी पानी में डाल सकती हैं। अब प्याज और सिरके के इस घोल को 5 से 7 मिनट के लिए उबलने दें। जब आपको लगे कि पानी उबलकर आधा या उससे कम हो गया है, तो छिलके और प्याज को बाहर निकाल लें। आखिरी में पैन या बर्तन की साबुन और पानी से नॉर्मल सफाई करें।

## प्याज की पेस्ट भी कर सकती है क्लीनिंग में मदद

जला पैन या बर्तन साफ करने में प्याज की पेस्ट भी आपकी मदद कर सकती है। इसके लिए सबसे पहले एक प्याज लें और उसे कद्दूकस कर लें या फिर बारीक काट लें। अब प्याज को थोड़े से पानी के साथ पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।

## एल्युमिनियम फॉयल वाला यह ट्रिक आ सकता है काम

प्याज के पेस्ट को एक टूथब्रश या फोम स्क्रब की मदद से जले पैन या बर्तन पर अच्छी तरह से लगा दें। प्याज की पेस्ट को कम से कम 1 से 2 घंटे के लिए बर्तन पर लगाकर छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद पैन की सफाई गर्म पानी और साबुन से की जा सकती है।

प्याज और विनेगरः प्याज की पेस्ट से क्लीनिंग को असरदार बनाने के लिए आप व्हाइट विनेगर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए प्याज की पेस्ट बनाने के बाद उसमें एक से डेढ़ चम्मच व्हाइट विनेगर डालकर मिक्स कर दें। अब प्याज और विनेगर की पेस्ट से भी जले बर्तन या पैन की सफाई की जा सकती है।

# इफ्तार के लिए जानिए खास पकवानों की रेसिपी



अगर आप भी इस रमजान में अपने इफ्तार मेनू को खास बनाना चाहती हैं, तो आपको खास और आसान पकवानों की रेसिपी जरूर जानना चाहिए। इन्हें आप आसानी से बना सकते हैं। ये पकवान आपके इफ्तार को और भी खास बना देंगे, और साथ ही परिवार और मेहमानों को खुश कर देंगे।

## खजूर और पिस्ता की खीर

खजूर और पिस्ता की खीर रमजान के दौरान एक बेहतरीन डेसर्ट हो सकता है। ये ना केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि शरीर को आवश्यक ऊर्जा भी देती है। इसे बनाने के लिए दूध, खजूर, पिस्ता, और चीनी की जरूरत होगी।

## पकोड़ी

यह एक क्लासिक इफ्तारी डिश है जो खासतौर पर रमजान में बनाई जाती है। बेसन, प्याज और मसालों के साथ बनाई जाने वाली पकोड़ी खाने में बेहद स्वादिष्ट होती है। आप चाहें तो पनीर की पकोड़ी भी बनाकर परिवार वालों को सर्व कर सकते हैं। इसे टमाटर की चटनी के साथ परोसा जा सकता है।

## दम बिरयानी

बिरयानी का स्वाद रमजान में खास होता है। यदि आप दम बिरयानी बनाएंगे तो ये आपके इफ्तार को और भी लाजवाब बना देगा। इसे चिकन या मटन के साथ बनाया जा सकता है, जो खाने में स्वादिष्ट और मसालेदार होती है। आप चाहें तो वेज बिरयानी बनाकर भी उसका लुत्फ उठा सकते हैं।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्टार कलाकार जेसन ने की किंग खान की तारीफ, पहली मुलाकात को भी किया याद



बॉलीवुड के किंग ऑफ रोमांस यानी शाहरुख खान की पॉपुलर्टी सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है। अन्य देशों में भी आम लोगों से लेकर स्टार्स तक शाहरुख की एक्टिंग के कायल हैं। इसी में एक नाम है एक्वामैन फेम हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ का। जेसन ने शाहरुख खान की जमकर तारीफ की है और उन्हें खुद से बेहतर एक्टर बताया है।

अपनी आगामी फिल्म 'द रेकिंग क्रू' के प्रमोशन में जुटे हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने पिंकविला से बातचीत में शाहरुख की तारीफ की है। शाहरुख से अपनी मुलाकात के बारे में बात करते हुए जेसन ने कहा कि हां, वह बहुत हैंडसम हैं। जब जेसन से पूछा गया कि पहली मुलाकात में दोनों ने किस बारे में बात की, तो उन्होंने कहा कि हम दोनों आपसी दोस्त और एक-दूसरे के काम के प्रशंसक हैं। वह बहुत ही प्यारे इंसान हैं। वह बेहद विनम्र थे। वह मुझसे बेहतर अभिनेता और कलाकार हैं। इसलिए यह आपसी सम्मान की बात थी। जेसन मोमोआ के करियर की बात करें तो 1999 में टीवी शो बेवॉचः हवाई से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने 2011 में गेम ऑफ थ्रोन्स के पहले सीजन में खाल ड्रोगो का किरदार निभाया। यहां से उन्हें काफी पॉपुलर्टी मिली। इसके बाद उन्हें डीसी एक्सटेंडेड यूनिवर्स में एक्वामैन के रूप में कास्ट किया गया, जहां उन्होंने जस्टिस लीग और अपनी खुद की फिल्म में यह भूमिका निभाई, साथ ही शो पीसमेकर में एक कैमियो भी किया। हाल के वर्षों में, मोमोआ ने टीवी शो फ्रंटियर, सी और चीफ ऑफ वॉर में अभिनय किया है। साथ ही ड्यून और फास्ट एक्स जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में सपोर्टिंग या खलनायक की भूमिकाएं भी निभाई हैं।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू ने जारी किया 'नागाबंधम' का टीजर, महादेव के अवतार में दिखें विराट



अभिषेक नामा की फिल्म 'नागबंधम' का टीजर जारी कर दिया गया है। सुपरस्टार महेश बाबू ने इसकी खास झलक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीजर से पहले फिल्म का पोस्टर दर्शकों को बेहद पसंद आया था।

नागबंधम एक आगामी बड़े बजट की तेलुगु पौराणिक ड्रामा फिल्म है और यह अभिषेक नामा के निर्देशन में बनी दूसरी फिल्म है। फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में हैं। इसका टीजर आज महाशुवरात्रि के शुभ अवसर पर सुपरस्टार महेश बाबू ने जारी किया है। महेश बाबू ने फिल्म 'नागबंधम' का टीजर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। 'नागबंधम' के टीजर में महादेव के रूप में विटार कर्ण का किरदार फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। 'नागबंधम' इस साल 2026 की गर्मियों में दुनियाभर में रिलीज होगी। टीम 'नागबंधम' ने सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस फिल्म का निर्देशक अभिषेक नामा ने किया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विराट कर्ण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। विराट के अलावा फिल्म में नाभा नतेश, ऐश्वर्या मेनन, महेश मांजरेकर, जगपति बाबू और बाकी कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म की कहानी, पटकथा और निर्देशन अभिषेक नामा का है। इस फिल्म का निर्माण एनआईके स्टूडियो और अभिषेक पिक्चर्स के तहत किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने किया है। ढाई मिनट से अधिक की अवधि वाले इस टीजर में कोई डायलॉग नहीं है, फिर भी यह शुरू से आखिर तक दर्शकों को बांधे रखता है। यह हिमालय की गहराई में दबे अनंत पद्मनाभस्वामी के एक अनमोल खजाने की ओर इशारा करता है।

### भोजपुरी

## पब्लिक के बीच धूम मचा रहा गोल्डी और प्रिया का गाना 'बोलिया लागे गोलिया'



भोजपुरी सिने जगत में वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के एमडी रत्नाकर कुमार ने भोजपुरी में देसी गाने, पारंपरिक गाने, भोजपुरी कल्चर से जुड़े गाने बनाकर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में मिसाल कायम किया है और नई दिशा दिया है। ऐसे में भोजपुरी सिंगर गोल्डी यादव की खूबसूरत आवाज म गाया हुआ और एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा की अदाकारी से सजा हुआ भोजपुरी लोकगीत 'बोलिया लागे गोलिया' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को सिंगर गोल्डी यादव मधुर आवाज में गाकर सबका मन मोह रही हैं। वहीं इस गाने के वीडियो में एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा देसी ठुमका लगाकर बिजली गिरा रही हैं। उनका शानदार परफॉर्मेंस देखते ही बन रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा को ससुराल में सास, देवर, ननद बहुत परेशान करते हैं, जिससे तंग आकर प्रिया अपने मायके चली जाती है और अपने पति को फोन पर अपनी आप बीती बयां करते हुए कहती है कि'सास देले गारी, देवर मारे ताना, जाके बाहर रहातारा ये हो मर्दाना, सुने गांव टोलिया राजा, ननदो के बोलिया राजा, लागेला गोलिया राजा'

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत 'बोलिया लागे गोलिया' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर गोल्डी यादव ने बुलंद आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस प्रिया सिन्हा ने कमाल की एक्टिंग की है।

### मैक्सी डाउन जैकेट

बीत रहे सर्दियों के दिनों में शॉर्ट्स के उलट भारी मैक्सी डाउन जैकेट एक अच्छा विकल्प है। अभी गर्मी बहुत तीखी नहीं हुई है और ठंड भी कायम है। ऐसे में मैक्सी डाउन जैकेट पहनकर गर्म और कम तापमान से सुरक्षित रह सकते है। पैटर्न की बात करें तो इसमें चटक रंगों और आउटवियर डिटेल्स में आराम को पफ्ड-अप एस्थेटिक के साथ मिलाया गया है।



लाइफ स्टाइल

## सफेद कपड़ों के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक के ये शेड्स, हर स्किन टोन के लिए रहेंगे बेस्ट

फैशन ट्रेंड में सफेद कलर के कपड़ों को काफी पसंद किया जाने लगा है। वहीं इस कलर के साथ अक्सर हम लिपस्टिक का सही शेड चुनते समय काफी बार कंफ्यूज हो जाते हैं। लिपस्टिक के कुछ खास शेड्स आपकी व्हाइट ऑउटफिट को स्टाइलिश लुक देने में सहायता करेंगे।

### ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक शेड

सटल और ड्युई लुक को कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह के लुक के साथ आप लिप्स के लिए ग्लॉसी पिंक कलर का लिप शेड चुन सकती हैं। इसके अलावा आप मैट पिंक लिपस्टिक होंठों पर लगाकर अलग से ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह शेड फेयर से मीडियम स्किन टोन पर बेस्ट नजर आएगा।

### चॉकलेट ब्राउन लिपस्टिक कलर

नाइट लुक के लिए बोल्ड और एलिगेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का मैट



चॉकलेट ब्राउन लिप शेड आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के लिप कलर के साथ आप स्मोकी आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। कोशिश करें कि लुक को मैट में रखें तो यह देखने में काफी क्लीन और क्लासी नजर आएगा।

### मॉव पिंक कलर लिपस्टिक

ब्यूटी ट्रेंड में आजकल मॉव शेड्स को काफी सराहा जा रहा है। ब्लैक के साथ आप इसमें पिंक कलर के शेड को चुन सकती हैं। कूल टोन वाले पिंक शेड का चुनाव करें और वार्म टोन को अवॉयड ही करें। यह कलर लगभग हर तरह के स्किन टोन पर आसानी से सूट करता है।

### ब्लड रेड लिप शेड

रेड कलर देखने में काफी आइकोनिक लुक देने में मदद करता है। इसमें ब्लैक के साथ आप ब्लड रेड कलर को सकती हैं। इसके अलावा आप थोड़ा ब्लैक टोन वाले डीप रेड लिप कलर को चुन सकती हैं। कोशिश करें कि ब्लैक के साथ ब्राइट शेड ही चुनें। वहीं यह शेड आपको बोल्ड लुक में मदद करता है और लगभग हर स्किन टोन के लिए बेस्ट रहता है।

## ब्राइडल लुक पूरा होगा डायमंड ज्वेलरी के साथ, लेटेस्ट डिजाइन है आपके लिए





शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर दुल्हन अपने लिए शॉपिंग करने में बिजी है। किसी को कपड़ों की शॉपिंग करना पसंद होता है। लेकिन आजकल हर कोई अपनी ज्वेलरी पर खास ध्यान दे रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक परफेक्ट लगता है। एक्ट्रेस भी आजकल सबसे ज्यादा अपनी ज्वेलरी पर ध्यान दे रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की शादी हुई है, उन्होंने अपने ब्राइडल लुक के साथ डायमंड अनकट ज्वेलरी को वियर किया। आप भी ऐसे ही डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

### ग्रीन डायमंड सेट



अगर आपको एमराल्ड पहनना पसंद है लेकिन महंगे आने की वजह से आप इस डिजाइन के सेट को स्टाइल नहीं कर पा रही हैं तो ऐसे में आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी में इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ग्रीन एमराल्ड के सेट आपको मार्केट में मिल जाएंगे, जो सेम रियल डायमंड की तरह नजर आएंगे। इस तरह के सेट को आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। पीच कलर लहंगे या रेड कलर लहंगे के साथ ये अच्छा लगेगा। इस तरह के सेट मार्केट में आपको 1500 से 2500 में मिलेंगे। आप चाहें तो रेंट पर भी खरीद सकती हैं।

### रेड रूबी डायमंड सेट

आजकल ग्रीन के साथ-साथ रेड कलर रूबी डायमंड सेट भी ट्रेंड में है। इसमें आपको पूरे सेट में ये डायमंड नहीं मिलेगा। सिर्फ एक पेंडेंट मिलेगा। जिससे ये सेट हैवी लगेगा। इसे आप भी अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के आर्टिफिशियल सेट आपको 1000 से 3000 रुपये में मिल जाएंगे। आप इसके साथ मैचिंग नथ और मांग टीका भी ले सकती हैं।

## कलीदार सूट में पाना चाहती हैं परफेक्ट फिटिंग तो इन बातों को न करें नजरअंदाज

सूट के कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे, लेकिन आज भी ज्यादातर हम इसे रेडीमेड खरीदने की जगह टेलर की मदद लेकर सिलवाना पसंद करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आजकल अनारकली स्टाइल कलीदार सलवार-सूट पहनना काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। हालांकि, पाकिस्तानी स्टाइल सूट में आपको काफी डिजाइन आसानी से रेडीमेड मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कालिदार सूट सिलवाते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि आपका लुक और बॉडी शेप परफेक्ट नजर आए।

### कलीदार सूट के लिए किस तरह के डिजाइन को चुनें?

कलीदार स्टाइल सूट का डिजाइन ज्यादातर फ्लोरल या अरेबिक डिजाइन का चुना जाता है। इसके अलावा इसके लिए लेस वर्क को काफी पसंद किया जाता है। लेस की बात करें तो इसमें चिकनकारी, गोटा-पट्टी वर्क, फ्लोरल डिजाइन, सेल्फ वर्क, किनारी लेस जैसे कई



डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। लेस वर्क को आप नेकलाइन, घेरे, स्लिट, स्लीव्स और भी कई तरह से बॉर्डर डिजाइन बनवाने के लिए चुन सकती हैं।

## गर्मी के दिन आ रहे, जानें स्कार्फ और उनको पहनने का सही तरीका

अब चूंकि गर्मी के दिन आने ही वाले हैं, ऐसे में स्कार्फ भी बाहर निकलेंगे। वैसे, सर्दी का मफलर और गर्मी का स्कार्फ दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अगर आप मफलर पहनते हैं तो ये बताने की आवश्यकता नहीं कि इसको पहनना क्यों जरूरी है। इसको आप गमछे का फैशनेबल रूप भी समझ सकते हैं। क्योंकि हाल ही में गमछा को स्टाइलिश और मशहूर करने वाले राइटर ने भी यही कहा था, स्कार्फ एक प्रकार से गमछा ही है। दरअसल, गमछे में भी अब कई प्रकार के डिजाइन व स्टाइल आ चुके हैं। ये मल्टीपर्पज होते हैं। इसलिए इनको अपने साथ रखना ही चाहिए।

### पुरुषों के स्कार्फ कैसे होते हैं?

पुरुषों के स्कार्फ और लड़कियों के दुपट्टे में मामूली सा फर्क होता है। लड़कियों का दुपट्टा अधिक लंबा, फ्लोरल और चौड़ा होता है।जबकि स्कार्फ पुरुषों की अलग-अलग ड्रेस के हिसाब से होता है। यह रूमाल के आकार और मफलर की लंबाई का भी हो सकता है।

### लड़के स्कार्फ क्यों पहनें



हर ड्रेस को पहनने के फायदे हैं। इसे भी एक प्रकार की एसेसरीज ही समझें। स्कार्फ को पहनने के बाद लड़कों का समर लुक और ज्यादा अट्रैक्टिव दिखता है। साथ ही ये गले के पसीने को सोखता है, जिससे कि आपको कंफर्टेबल महसूस होगा।

### कार्नर न्यूज

**कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं तो इन टिप्स पर जरूर दीजिए ध्यान**

## कम कपड़ों में ज्यादा स्टाइल चाहिए तो तैयार कीजिए इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब, तारीफ मिलेगी भरपूर

इंटरचेंजेबल .बड़ा कठिन सा लगने वाला यह शब्द असल में जिंदगी आसान बना देता है। आसान ऐसे कि कई चीजों को कई तरह के कॉम्बिनेशन में मिलाकर हर बार कुछ नया देखने को मिलता है। ये फॉर्मूला इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब पर फिट बैठता है। इसका मतलब है कम कपड़ों में ही खूब सारी कॉम्बिनेशन ड्रेस और खूब सारे लुक। यह उन लोगों के लिए अच्छा है, जो कपड़ों पर पैसे खर्च करने से बचते हैं या कर ही नहीं सकते।

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब शुरू में जरूर कठिन लग सकती है। क्योंकि इसे तैयार करने में कई बातें याद रखनी होती हैं। कभी रंगों का मेल तो कभी पैटर्न। लेकिन इसके बाद जब भी इस इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब की आपको याद आएगी, अपने लुक को लेकर एक सुकून जरूर नजर आएगा। इस इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब से जुड़ी बातें आइए जान लें, ताकि आपको न ही अपने लुक को लेकर चिंता करनी पड़े और न ही खर्चे की।

होंगे तीन फायदे

इस अनोखी वॉर्डरोब के तीन अलग-अलग फायदे हैं। इनको



जानने के बाद आप अपनी वॉर्डरोब को इंटरचेंजेबल बनाने के बारे में जरूर सोचेंगे। अलमारी मैनेज रहेगी क्योंकि उसमें बस जरूरतभर के कपड़े होंगे। कपड़ों पर खर्चा कम। तैयार होने में कम समय लगेगा क्योंकि बहुत सारे कपड़ों में से चुनने की झंझट खत्म हो जाएगी। आपको पहले से पता होगा कि इस कपड़े को इसके साथ मैच करके पहनना है।

जो है, सो है

इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब के लिए आपको फिर से नए कपड़े खरीदने की भी जरूरत नहीं है। आपके पास जो कपड़े हैं, उन्हीं में से आपको अपनी इस वॉर्डरोब के लिए कपड़े मिल जाएंगे।इसमें आप अपने उन पुराने कपड़ों को भी शामिल कीजिए, जिन्हें आपने लंबे समय से पहना ही नहीं है। पुराने और आपकी पसंद से बाहर ये कपड़े किसी दूसरे कॉम्बिनेशन के साथ आपको जरूर अच्छे लगेंगे।

### इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का साथी

इस वॉर्डरोब के कुछ साथी भी होते हैं। ये वो साथी हैं जो इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब बनाने में काफी मदद करते हैं। दरअसल ये वो कपड़े होते हैं, जो आसानी से किसी भी रंग और पैटर्न के साथ मैच कर जाते हैं।

इन कपड़ों में सबसे पहले तो सफेद शर्ट और नीली जींस आती है। ब्लैक पेंट भी इंटरचेंजेबल वॉर्डरोब का अहम हिस्सा है तो नेवी ब्लू शर्ट भी। गुलाबी या लाल रंग की शर्ट इस वॉर्डरोब का हिस्सा बिल्कुल नहीं बन सकती है। क्योंकि ये किसी खास पैंट के साथ ही आपकी पर्सनैलिटी पर अच्छी लगेगी।

